Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 259 ● वर्ष : 13 ● रायपुर, गुरुवार 19 मार्च 2026 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जैन धर्म का मूल विस्तार यह है कि वह प्रत्येक आत्माओं को परमात्मा बनाने की क्षमता को बताता है।

The fundamental of jainism is that it explains every soul's capability to become god.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## सोलर संयंत्र को सुको के नियम विरुद्ध जमीन देने का मामला सदन में गुंजा



**रायपुर।** महासमुंद की सरायपाली वनक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जंगलबेड़ा में गोदावरी इस्पात लिमिटेड को सोलर प्लांट लगाने के लिए नियम विरुद्ध जमीन आबंटन का मामला सदन में गुंजा। सत्तापक्ष के सदस्यों ने इसको लेकर सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। उद्योगमंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि विधायक द्वारा की गई शिकायत के आधार कलेक्टर द्वारा एक जांच समिति गठित की गई है। विधानसभा में कांग्रेस विधायक श्रीमती चातुरीनंद ने सरायपाली के ग्राम जंगल बेड़ा में एक इस्पात संयंत्र द्वारा सोलर प्लांट लगाये जाने पर आपत्ति दर्ज की । उन्होंने कहा कि जमीन का आबंटन सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों के विरुद्ध है यहां पर तालाब जमीन नाला को पाटा जा रहा है जिससे लोगों का जीवन मुश्किलमय हो गया है। उन्होंने जल जंगल जमीन लूटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जमीन सस्ती दर पर दी जाए। उद्योगमंत्री लखनलाल देवांगन ने बताया कि गोदावरी इस्पात लिमिटेड को २५३ एकड़ जमीन चार लाख ८२ हजार के पट्टे पर दी गई है। इसका भू भाटक अलग से तय किया जाएगा। यह जमीन ९९ वर्ष के लिए लीज पर दी गई। इस जमीन का वार्षिक दर ४ करोड़ ७७ लाख रुपये तय किया गया है। यह जमीन राज्य शासन और उद्योगपतियों के बीच हुए एमओयू के आधार पर दिया गया है जिसमें कलेक्टर ने जंगल बेड़ा गांव द्वारा पारित प्रस्ताव के आधार पर जमीन का आबंटन उद्योग विभाग के सीएसआईडी को किया है। सीएसआईडी में यह जमीन इस उद्योग समूह को आबंटित किया है। यह जमीन नियमानुसार आबंटित की गई है।

## जम्बूरी में बिना निविदा बुलाए करोड़ों का काम ठेकेदारों को देने का मामला सदन में गूंजा



विधानसभा में आज जम्बूरी के लिए बुलाए गए नियम विरूद्ध टेण्डर तथा अध्यक्ष पद के नियुक्ति सहित अन्य विषयों पर विपक्ष ने सरकार को घेरा। शिक्षा मंत्री के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस सदस्यों को सदन का बर्हिगमन कर दिया।

विधानसभा में आज बजट सत्र के प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस के राघवेन्द्र सिंह ने गत दिनों बालोद जिले में आयोजि जम्बूरी के आयोजन को लेकर कई पश्न दागे, उन्होंने शिक्षामंत्री को घेरते हुए कहा कि बालोद में जम्बूरी का आयोजन का निर्णय आपने किया या किसी अन्य ने। विधानसभा में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि जम्बूरी के आयोजन का निर्णय भारत स्काउट एवं गाइड के एक अधिकारी द्वारा लिया गया है। पहले नई राजधानी तथा बालोद में इसका आयोजन करने का निर्णय लिया गया था।

## विधानसभा में शिक्षा मंत्री घिरे, अतिथि शिक्षकों और स्कूल युक्तियुक्तकरण पर हंगामा, विपक्ष ने किया वॉकआउट



विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को स्कूलों के युक्तियुक्तकरण, अतिथि शिक्षकों की भर्ती, वेतन और नियमितीकरण को लेकर जोरदार बहस देखने को मिली। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को इस मुद्दे पर न सिर्फ विपक्ष बल्कि सत्तापक्ष के विधायकों के सवालों का भी सामना करना पड़ा। सत्तापक्ष के विधायक सुनील सोनी, राजेश मूणत और रोहित साहू ने स्कूलों के युक्तियुक्तकरण के बाद उत्पन्न स्थिति पर नाराजगी जताई। विधायक राजेश मूणत ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के बाद कई स्कूलों की हालत खराब हो गई है और शिकायतों के बावजूद अधिकारी निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचे। इस पर शिक्षा मंत्री ने जांच कराने का आश्वासन दिया। वहीं, सदन की आसंदी ने मंत्री को 30 मार्च तक सभी स्कूलों की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। विधायक सुनील सोनी ने पूछा कि युक्तियुक्तकरण के बाद खाली हुए स्कूल भवनों का क्या उपयोग किया जा रहा है। इस पर मंत्री ने बताया कि प्रदेश में पिछले वर्ष 10,538 स्कूलों का युक्तियुक्तकरण किया गया है, जिनमें से 10,372 भवनों का उपयोग स्मार्ट स्कूल और लैब के रूप में किया जा रहा है, जबकि 166 भवन अभी खाली हैं। जर्जर स्कूलों के नवीनीकरण को लेकर भी सवाल उठे। मंत्री ने कहा कि जहां आवश्यकता होगी, वहां जांच के बाद सुधार कार्य कराया जाएगा।

## अमीरों को जमीन पानी के भाव में दिया जा रहा है-रामकुमार यादव



कांग्रेस के चातुरीनंद एवं रामकुमार यादव उमेश पटेल सहित द्वारिकाधीश यादव ने इस पर आपत्ति की और कहा कि इस जमीन के आबंटन को लेकर घोर लापरवाही बरती गई है उन्होंने कहा कि यह मामला मेरे क्षेत्र का है। उन्होंने पूरक प्रश्न के माध्यम से जानकारी मांगी। भाजपा के राजेश मूणत जब इस पूरे मामले को लेकर बोलना चाहा तो विपक्ष के सदस्यों ने कहा कि उद्योगमंत्री अपना जवाब दे रहे है इसलिए आप अपना स्थान ग्रहण करे। मंत्री का सपोर्ट न करें। सभापति ने कहा कि मंत्री जी सक्षम है वे इसका जवाब दे देंगे। सदन में द्वारिकाधीश यादव उमेश पटेल एवं रामकुमार यादव ने जमीन नियम विरुद्ध मामले उठाया। उन्होने कहा कि यह जमीन विरुद्ध आबंटित की गई है। कांग्रेस विधायक चातुरीनंद ने इसपूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय मांग कराने की मांग की। उन्होंने मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि सम्मानित सदस्य द्वारा इसकी जांच कराने की मांग की है। इसलिए वे इसकी जांच के लिए तैयार है। कलेक्टर द्वारा जांच रिपोर्ट आने के पश्चात ही कोई कार्रवाई शासन द्वारा की जाएगी।

## उद्योगपतियों को 253 एकड़ जमीन 5 लाख लीज पर दी

छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज कांग्रेस विधायक राघवेंद्र सिंह ने बालोद में हुए जंबूरी कार्यक्रम में अनियमितता का मुद्दा उठाया। उन्होंने स्कूल शिक्षामंत्री से सवाल पूछा कि आयोजन के लिए टेंडर से पहले काम कैसे शुरू हुआ और 4 दिन के अंदर काम कैसे पूरा हो गया। जवाब में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने शायरी पढ़ी और कहा कि नेशनल का काम अलग है और हमारा काम अलग है। वहीं, स्कूलों के युक्तियुक्तकरण पर सरकार से जवाब मांगा गया। अतिथि शिक्षकों के मुद्दे पर विपक्ष ने वॉकआउट किया।

इसके साथ ही उद्योगों को कम दर पर जमीन आवंटन के मुद्दे पर सदन में विपक्ष ने हंगामा किया। खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव ने उद्योग मंत्री से सवाल किया कि उद्योगपतियों को 253 एकड़ जमीन महज 4 लाख 82 हजार 302 प्रति हेक्टेयर की दर पर 99 साल के लिए दिया गया है। यह किस नियम के तहत आवंटित किए गए हैं। लखनलाल देवांगन ने जवाब दिया कि राज्य सरकार ने नवीन ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सौर विद्युत परियोजना लगाई जा सकती है। इस जवाब पर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया।

## आज से चैत्र नवरात्रि.... मंदिरों में उमड़ेंगे भक्त



**मंदिरों में ज्योति कलश के लिए खास तैयारियां**




**रायपुर (विश्व परिवार)।** चैत्र नवरात्रि इस वर्ष 19 मार्च से 27 मार्च तक पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। रायपुर के मंदिरों में भी ज्योति कलश जलाने के लिए खास तैयारी की गई है। लंबे समय बाद ऐसा विशेष संयोग बन रहा है जब अमावस्या तिथि में कलश स्थापना की जाएगी, जिसे ज्योतिष शास्त्र में अत्यंत दुर्लभ और शुभ माना गया है। 19 मार्च को शुक्ल और ब्रह्म योग का भी अद्भुत संयोग बन रहा है, जो धार्मिक दृष्टि से अत्यंत फलदायी माना जाता है। इस बार नवरात्रि की शुरुआत प्रतिपदा के स्थान पर अमावस्या तिथि में हो रही है, जो इसे और भी विशेष बना रही है। खास बात यह है कि इस बार दुर्गा अष्टमी और राम नवमी एक ही दिन पड़ रही हैं, जिससे यह संयोग अत्यंत शक्तिशाली और पुण्यदायी बन गया है। पंचांग के अनुसार, नवमी तिथि 26 मार्च को सुबह 11:48 बजे शुरू होगी और 27 मार्च को सुबह 10:06 बजे समाप्त होगी। भगवान श्रीराम का जन्म अभिजीत मुहूर्त (करीब दोपहर 12 बजे) में हुआ माना जाता है, इसलिए उनकी जयंती 26 मार्च को ही मनाई जाएगी। साथ ही, पूरे नवरात्रि के दौरान रवि योग का प्रभाव भी रहेगा। जो धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करेगा और धर्म के प्रसार में सहायक होगा। चैत्र और आश्विन नवरात्रि को प्रकट नवरात्रि कहा जाता है, जिनमें आम श्रद्धालु देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करते हैं। वहीं माघ और आषाढ़ मास की नवरात्रि गुप्त नवरात्रि के रूप में जानी जाती है, जिनमें तंत्र और साधना से जुड़े साधक देवी की दस महाविद्याओं की उपासना करते हैं।

**रायपुर के मंदिरों में खास तैयारियां:** रायपुर के पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर में करीब 11 हजार ज्योत जलाए जाएंगे। गर्मी को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने ग्रीन नेट की व्यवस्था की है। इसके अलावा मंदिर को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। आकाशवाणी स्थित काली माता मंदिर में करीब 2500 ज्योति कलश जलाए जाएंगे।

## भारतीय रेल राष्ट्र की जीवन रेखा :संतोष पांडेय



■ सदन में चर्चा के दौरान सांसद संतोष पांडेय ने रेल्वे का विषय रखा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय ने लोकसभा सदन में चर्चा के दौरान रेल्वे का विषय रखते हुए कहा कि भारतीय रेल राष्ट्र की जीवन रेखा है जो देश के कोने-कोने तक परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराती है। इसका उद्देश्य प्रभावशाली, सस्ता ग्राहक केंद्रित पर्यावरण एवं अनुकूल एकीकृत परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है। और साथ ही राज्यों, समुदायों, बंदरगाहों और औद्योगिक, वाणिज्य, पर्यटन केंद्रों और पूरे देश के तीर्थ स्थान को एक दूसरे से जोड़ते हुए समग्र विकास का रेल्वे, वाहक बना है।

भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि चाहे कोविड-19 महामारी संक्रमण का काल हो जिससे निपटने के लिए जब राष्ट्रव्यापी लॉक-डाउन था तब रेल्वे ने अपनी सेवा बढ़ा दी थी। दवाई, सिलेंडर से लेकर जीवन रक्षक व्यवस्थाओं के लिए दौड़ रही थी। डिब्बों को क्वॉरेंटाइन आइसोलेशन वार्ड में बदल कर सेवा में अग्रणी भूमिका निभाई ऐसी हमारी रेल्वे है। इस प्रकार से कोरोना काल हो या कुंभ का पवित्र आयोजन हो, चाहे वैक्सीन हो या फिर वेपंस हो सबको सुगमता से पहुंचाने का काम यदि कोई करती है तो रेल्वे करती है। 2016-17 रेल्वे 1 लाख 21 हजार 407 किलोमीटर का था, जो बढ़कर 2024-25 में 1 लाख 27 हजार 366 किलोमीटर हो चुका है। जिसमें नए ट्रैक बिछाए जाने से लेकर लाइन के दोहरीकरण, गेज परिवर्तन के काम अभी चल ही रहे हैं।

## शुरू होगा एलपीजी गैस एटीएम, 24 घंटे के भीतर मिलेगा सिलेंडर



**गुरूग्राम।** मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के कारण होर्मुज स्ट्रेट से भारत में होने वाली गैस-तेल की सप्लाई बाधित हुई है। ईंधन की सप्लाई बाधित होने की वजह से भारत के लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। इस गंभीर परिस्थिति के बीच 'भारत गैस' ने आम लोगों को बड़ी खुशखबरी दी है। ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच जारी जंग की वजह से पूरे मिडिल ईस्ट में तनाव है। इस तनाव के कारण प्रभावित हुई ईंधन की सप्लाई का असर भारत में आम लोगों की रसोई तक पहुंच गया है।

**मुख्यधारा की ओर लौटता विश्वास**

## 140 आत्मसमर्पित नक्सलियों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में शांति, विकास और विश्वास की नई तस्वीर सामने आई है। बीजापुर और कांकेर जिलों से आए 140 आत्मसमर्पित नक्सलियों ने आज विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर मुख्यधारा में लौटने की खुशी साझा की। मुख्यमंत्री साय ने आत्मसमर्पित नक्सलियों से आत्मसमर्पण से पहले के जीवन और वर्तमान परिस्थितियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। संवाद के दौरान नक्सलियों ने बताया कि अब उनका जीवन पूरी तरह बदल चुका है—जहां पहले वे जंगलों में असुरक्षा और भय के बीच जीवन बिताते थे, वहीं अब वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके क्षेत्रों में अब सड़कों, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है, जिससे जीवन आसान हुआ है। कुछ आत्मसमर्पित नक्सलियों ने भावुक होकर कहा कि उन्होंने पहली बार होली जैसे त्योहार को परिवार के साथ मनाया—यह उनके लिए एक नया और सुखद अनुभव रहा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सभी का मुख्यधारा में स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय केवल व्यक्तिगत बदलाव नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## अमेरिका-इजराइल का ईरान की सबसे बड़ी गैस फील्ड पर हमला

**तेहरान।** मिडिल-ईस्ट में जारी जंग के बीच अमेरिका-इजराइल ने अब ईरान के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक अमेरिका और इजराइल ने दक्षिणी ईरान में साउथ पार्स गैस फील्ड और असालुयेह शहर की तेल-गैस सुविधाओं पर एयरस्ट्राइक की है। साउथ पार्स दुनिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस फील्ड माना जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक हमले में गैस के साथ-साथ पेट्रोकेमिकल और तेल इंफ्रास्ट्रक्चर को भी निशाना बनाया गया है। इजराइली मीडिया ने भी बुशेहर क्षेत्र में गैस फैसिलिटी पर हमले की जानकारी दी है। इससे पहले इजराइल के रक्षा मंत्री ने कहा था कि आज ईरान और लेबनान में 'बड़े सरप्राइज' देखने को मिलेंगे, जिसे इन हमलों से जोड़कर देखा जा रहा है।

## भारतीय रेल आकांक्षाओं की आधुनिक, सुरक्षित और सुगम सवारीः केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे वर्तमान में अभूतपूर्व विस्तार और आधुनिकीकरण के दौर से गुजर रही है, जिसे केंद्रीय बजट 2026-27 में 2.78 लाख करोड़ के रिकॉर्ड बजटीय आवंटन से सशक्त बनाया गया है। रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों (2026-27) पर संसद में हुई चर्चा का जवाब देते हुए, रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज रेखांकित किया कि रेलवे में एक प्रमुख संरचनात्मक सुधार रेल बजट का आम बजट में विलय था, जिसके परिणामस्वरूप तीन प्रमुख लाभ हुए हैं। उन्होंने भारतीय रेल के वर्तमान रूपांतरण को धीमी प्रगति से सुपर-फास्ट ट्रांसफॉर्मेशन की ओर एक बड़े बदलाव के रूप में वर्णित किया, जो इस राष्ट्रीय परिवहन सेवा के लिए एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। सबसे पहले, इसने बजटीय सहायता में व्यापक वृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया है। जो पहले के लगभग 25,000-₹30,000 करोड़ से बढ़कर वर्तमान वित्तीय वर्ष में लगभग ?2.78 लाख करोड़ हो गई है।



## मोजतबा खामेनेई पर खतरा, तेल अवीव पर मिसाइल हमले

**तेल अवीव।** मिडिल ईस्ट में अमेरिका-इज़रायल और ईरान के बीच जारी युद्ध 19वें दिन और ज्यादा खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। इज़राइल ने अब ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई को सीधे निशाना बनाने की धमकी दी है। जिससे संघर्ष और भड़कने के संकेत मिल रहे हैं।

## रामकृष्ण अस्पताल में हादसा : सेप्टिक टैंक साफ करने उतरे 3 स्वीपर की मौत, परिजनों ने किया हंगामा




**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी रायपुर के पचपेड़ी नाका स्थित रामकृष्ण अस्पताल में मंगलवार की रात दर्दनाक हादसा हो गया। सफाई करने सिवरेज टैंक में उतरे तीन लोगों की मौत हो गई घटना के बाद अस्पताल के गेट पर मृतकों के परिजन और लोगों की पुलिसकर्मियों के साथ झूमाझटकी हुई. मौके पर जमकर हंगामा हुआ और मृतकों के परिजन भीड़ अंदर घुस आई मृतकों के परिजन बिलखते नजर आए। जानकारी के मुताबिक, रामकृष्ण हॉस्पिटल के सिवरेज टैंक की सफाई के लिए तीनों मजदूरों को अंदर उतारा गया था. इसी दौरान टैंक में मौजूद जहरीली गैस की वजह से एक-एक कर तीनों की हालत बिगड़ गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। दरअसल, सिवरेजटैंक की सफाई बेहद जोखिम भरा काम होता है, जिसे आमतौर पर नगर निगम या प्रशिक्षित टीम द्वारा आधुनिक उपकरणों और सुरक्षा किट के साथ किया जाता है.

### भूपेश बघेल ने की दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग



राजधानी के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में गटर की सफाई के दौरान तीन सफाई कर्मचारियों की मौत के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुख जताया हुए अस्पताल प्रबंधन, काम कराने वाली एजेंसी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड




**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर ने एक बार फिर कमाल कर दिखाया है। यहां के डॉक्टरों ने 11 साल के एक बच्चे के दिल से चिपके स्टेज-3 इनवेसिव थायमिक कैंसर (टाइप-बी थायमोमा) का सफल ऑपरेशन किया। यह मामला विश्व स्तर पर नया रिकॉर्ड बन गया है, क्योंकि अब तक मेडिकल जर्नल में इस तरह के कैंसर का सबसे कम उम्र का मरीज 12 साल का दर्ज था।

यह दुर्लभ बीमारी आमतौर पर 40 से 60 साल के लोगों में होती है। बच्चों में इसका मिलना बहुत कम होता है।

# यात्रा वृत्तांत से सजीव होती है इतिहास और संस्कृति की तस्वीर : मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज यहां छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थित अपने कार्यालय के सभा कक्ष में युवा पत्रकार सुश्री निशा द्विवेदी की पुस्तक 'मोदी के राज्य से लौटकर' का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा वृत्तांत से पाठकों के लिए इतिहास और संस्कृति की तस्वीर सजीव हो जाती है। पुस्तक में सुश्री निशा द्विवेदी ने एक पत्रकार की नजर से गुजरात यात्रा का वर्णन किया है जो बहुत सराहनीय है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जनसेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे नेतागण और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हमारे पत्रकार साथियों के जीवन में यह एक समानता है कि दोनों ही अपने कार्यक्षेत्र में हमेशा व्यस्त रहते हैं। सक्रिय पत्रकारिता के बीच यात्रा वृत्तांत जैसी रचना के लिए समय निकाल पाना जरूर कठिन रहा होगा। ये बहुत सुखद है कि सुश्री द्विवेदी ने अध्ययन भ्रमण के अनुभवों को किताब के रूप में हम सभी के सामने लेकर आई हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पत्रकार बहनों से मिलना हुआ था। मुलाकात में महिला पत्रकारों के अध्ययन भ्रमण के विषय में भी चर्चा हुई। ये बहुत खुशी की बात है कि पहली बार छत्तीसगढ़ की 26 महिला पत्रकारों का दल गुजरात राज्य के भ्रमण पर गया। भ्रमण से लौटने के बाद मैंने मुख्यमंत्री निवास में पत्रकार बहनों से मुलाकात की। उसी समय मैंने उन्हें यह सुझाव दिया था कि वे अपनी यात्रा के अनुभवों को जरूर लिखें। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा इस वर्ष के बजट में भी हमने पत्रकारों के एक्सपोजर विजिट का प्रावधान किया है। हमारे पत्रकार साथी बड़े परिश्रम से



सामाजिक सरोकार का कार्य करते हैं। हमारी सरकार हर स्तर पर पत्रकार साथियों को प्रोत्साहित कर रही है। अभी तक पत्रकारों के विविध दल महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरल, गुजरात, राजस्थान जैसे अनेक राज्यों में हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गुजरात भ्रमण का उद्देश्य महिला पत्रकारों को विकास के मॉडल को देखने, समझने और उससे सीखने का अवसर देना था। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी इच्छा थी कि इस यात्रा को कोई महिला पत्रकार पुस्तक के रूप में लिखे, और यह पुस्तक उसी भावना का परिणाम है।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक श्री सुशांत शुक्ला, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत, जनसंपर्क आयुक्त डॉ रवि मित्तल, रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री मोहन तिवारी सहित अनेक पत्रकारगण उपस्थित रहे।

## इंदिरा मार्केट के बंद कुएं में कचरा फेंकने पर निगम की सख्ती



**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने के लिए लगातार सख्ती बरती जा रही है। इसी कड़ी में इंदिरा मार्केट स्थित निगम द्वारा किये गए इंदिरा मार्केट सौंदर्यकरण कुएं में कचरा फेंकने के मामले को गंभीरता से लिया गया है।कुआं चौक के आसपास रहने वाले नागरिकों द्वारा नगर निगम प्रशासन को शिकायत दी गई थी कि बंद कुएं में लगातार कचरा डाला जा रहा है, जिससे गंदगी फैलने के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ रहे हैं।शिकायत मिलते ही नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए टीम मौके पर भेजी और कुएं की साफ-सफाई करवाई गई। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि भविष्य में कोई भी व्यक्ति कुएं में कचरा डालते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।हालांकि कुएं को ढंक दिया गया है, लेकिन उसमें लगी जाली का एक हिस्सा खुला होने के कारण लोग उसमें कचरा डाल रहे हैं। निगम प्रशासन अब इस व्यवस्था को और मजबूत करने की तैयारी में है, ताकि ऐसी घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

आयुक्त ने आसपास के दुकानदारों एवं ठेला-खोमचा संचालकों से अपील करते हुए कहा कि वे शहर की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें। स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह आमजन के स्वास्थ्य के लिए भी खतरा है।इसलिए सभी नागरिकों को जिम्मेदारी निभाते हुए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

## रामकृष्ण केयर अस्पताल में सफाई कर्मियों की मौत की उच्च स्तरीय जांच हो दोषियों पर कठोर कार्यवाही हो :कांग्रेस



**रायपुर।** रामकृष्ण केयर अस्पताल में गटर सफाई के लिए उतरे मजदूरों की मौत की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई के लिए निर्धारित मानकों के पालन न करने और आवश्यक सुरक्षा उपकरण के बिना सफाई कर्मियों को गटर में उतारने के जिम्मेदार कौन है, इसकी तत्परता से पारदर्शिता पूर्वक जांच होनी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि इस मामले में जो भी दोषी हैं और जिन्होंने मामले को छुपाने, लीपापोती करने का प्रयास किया है, उन पर भी कठोर कार्रवाई होना चाहिए। ये सफाई कर्मचारी किसी ठेका कंपनी के थे या सीधे अस्पताल प्रबंधन के थे इसकी भी जांच होनी चाहिए। प्रशिक्षण और सुरक्षा उपकरण की अनुपलब्धता की भी जांच होनी चाहिए, सरकार सुनिश्चित करें कि इस तरह की अमानवीय दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पुनरावृत्ति न हो।प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में तीन-तीन सफाई कर्मियों की मौत हुई, एक सफाई कर्मी जिंदगी और मौत से अभी भी जूझ रहा है, उसके बेहतर ईलाज का समूचित प्रबंध किया जाये। पूरे मामले में एक बड़ा सवाल यह भी है कि घटना के बाद मृतक सफाई कर्मियों के शव को घटनास्थल से किसने हटाया? क्यों साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया गया? बिना पुलिस की जांच के मामले को छुपाने, लीपापोती करने वाले कौन थे?

# भिलाई में केनाल रोड के विरोध में चक्काजाम

**दुर्ग-भिलाई (विश्व परिवार)।** भिलाई शहर में नंदिनी रोड से कोहका तक प्रस्तावित केनाल रोड को लेकर स्थानीय लोगों का विरोध तेज हो गया है। प्रशासन की ओर से सडक़ निर्माण के लिए जिस जगह तक रोड बनना है, वहां मार्किंग कर दी गई है। इसके बाद लोगों में चिंता बढ़ गई है, क्योंकि कई घरों का बड़ा हिस्सा इस निर्माण में आ रहा है।

बुधवार को बड़ी संख्या में स्थानीय लोग परदेशी चौक, रामनगर में एकत्रित हुए और विरोध जताया। कुछ देर के लिए चक्काजाम कर यातायात को बाधित भी किया गया। लोगों ने मांग की है कि, सडक़ की चौड़ाई 30 फीट से घटाकर 15 फीट कर दी जाए। इस इलाके में पहले से ही सामने रोड मौजूद है, ऐसे में बगल में इतनी चौड़ी नई सडक़ बनाने की जरूरत नहीं है।



स्थानीय निवासियों ने बताया कि, मार्किंग के बाद किसी के घर के सामने सिर्फ 5 फीट जगह बचेगी तो किसी के पास 3 फीट ही रह जाएगी। कई परिवारों का कहना है कि वे यहां 50 से 60 साल से रह रहे हैं और अब उनका घर आधे से ज्यादा टूटने की स्थिति में है। घर टूटने के बाद रहने लायक जगह ही नहीं बचेगी। बघवा मंदिर के पुजारी दीपक शर्मा ने कहा कि, इस सडक़ निर्माण से बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हो रहे हैं। कई घर पूरी तरह टूट जाएंगे। यहां कई परिवार ऐसे हैं जिनके बच्चों की पढ़ाई चल रही है या शादी की उम्र है। ऐसे में अचानक घर टूटने से लोग कहां जाएंगे, यह बड़ी समस्या है। उन्होंने मांग की कि सडक़ को 15 फीट तक ही सीमित रखा जाए।

पहले 15 फीट की हो रही थी बात, अब अचानक से बढ़ाया

वहीं दुर्गा मंदिर की पंडिताइन विधि शर्मा ने बताया कि, सडक़ निर्माण की जद में मंदिर भी आ रहा है। नहर में पानी भी नहीं रहता, इसलिए उसके ऊपर इतनी चौड़ी सडक़ बनाने का कोई खास फायदा नहीं है। पिछले कई सालों से 15 फीट सडक़ बनने की बात कही जा रही थी, लेकिन अब अचानक इसे 30 फीट तक बढ़ा दिया गया है, जो लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि वे 15 फीट चौड़ी सडक़ के लिए तैयार हैं।

# पाताल भैरवी मंदिर में जलेंगे 2100 ज्योति कलश



**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व गुरुवार से शुरू हो रहा है। इस अवसर पर संस्कारधानी के विश्व प्रसिद्ध मां पाताल भैरवी मंदिर (बर्फानी आश्रम) में 2100 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। अपनी अनूठी वास्तुकला के लिए यह मंदिर दुनिया भर में मशहूर है और इस बार भी यह आध्यात्मिक आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। बर्फानी दादा की प्रेरणा से निर्मित यह मंदिर अपनी अनूठी संरचना के कारण श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। मंदिर तीन मंजिला है और इसका आकार एक विशाल शिवलिंग जैसा दिखाई देता है। ऊपरी तल पर शिवलिंग और नंदी विराजमान हैं, मध्य तल पर मां त्रिपुर सुंदरी राजराजेश्वरी का दरबार सजा है, जबकि पाताल तल पर मां पाताल भैरवी के दर्शन होते हैं, जो सबसे बड़ा आकर्षण हैं।

**चैत्र नवरात्रि में 2100 ज्योति कलश :-** इस वर्ष चैत्र नवरात्रि के दौरान मंदिर में 2100 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। मंदिर समिति के सचिव गणेश शर्मा के अनुसार, सभी ज्योति कलश तेल से जलाए जाते हैं, जो विशेष आस्था का प्रतीक हैं।

मां पाताल भैरवी की महिमा दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। देश के साथ मलेशिया, थाईलैंड, जर्मनी जैसे देशों में रहने वाले भक्त भी अपने परिजनों के माध्यम से यहां ज्योति कलश स्थापित करा रहे हैं। मंदिर के पुजारी गोविंद दास महाराज ने बताया कि नवरात्रि में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। भक्त दिन-रात किसी भी समय मां के दर्शन कर सकते हैं।

## दुर्ग साइंस कॉलेज में पार्किंग की जगह को लेकर आंदोलन, छात्रों और एनएसयूआई का दो दिवसीय सत्याग्रह शुरू

**दुर्ग-भिलाई।** दुर्ग जिले के साइंस कॉलेज में इन दिनों छात्रों की पार्किंग समस्या को लेकर माहौल गर्म हो गया है। कॉलेज में वाहनों की बढ़ती संख्या और पार्किंग की कमी को देखते हुए कुछ छात्रों और एनएसयूआई ने दो दिन का सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया है। छात्रों का कहना है कि कॉलेज में पढ़ने वाले हजारों छात्रों के लिए पार्किंग की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है, जिससे रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ता है। एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आदित्य नारंग ने बताया कि, साइंस कॉलेज में 8 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं, लेकिन उनके वाहनों के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। कॉलेज की जमीन, जो छात्रों के इस्तेमाल के लिए होनी चाहिए, उसे प्रशासन अपने निजी काम के लिए ले रहा है। यह सीधे तौर पर छात्रों के अधिकारों का नुकसान है और इसी के विरोध में सत्याग्रह किया जा रहा है।



# जबरन दबावपूर्वक मैनुअल स्केवेंजर्स का कार्य करवाने वालों पर की जाए कड़ी कार्यवाही : सीएम



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि राज्य में जबरन दबावपूर्वक मैनुअल स्केवेंजर्स का कार्य करवाने वाले व्यक्तियों पर कड़ाई से कार्यवाही की जाए। उन्होंने सीवरेज सफाई के संबध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने के निर्देश दिए। इसके अतर्गत केवल नगर निगम के माध्यम से अथवा पंजीकृत संस्थाओं के माध्यम से ही सीवरेज सफाई का कार्य करवाया जाए। साथ ही सफाई के दौरान सुरक्षा मापदंडों का पूरा ख्याल रखा जाना चाहिए, जिससे कोई भी अप्रिय घटना ना होने पाए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने आज अनुसूचित जाति विकास विभाग के अंतर्गत हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध तथा उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में राज्य अनुश्रवण समिति की छत्तीसगढ विधानसभा स्थित सभाकक्ष में आयोजित बैठक की अध्यक्षता के दौरान ये निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कल राज्य के एक निजी बड़े हॉस्पिटल में सेप्टिक टैंक सफाई के दौरान तीन मजदूरों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पीड़ित वर्ग को हर संभव सहायता दी जाए साथ ही घटना के जिम्मेदार लोगों पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की अप्रिय घटना ना होने पाए।

इस मौके पर आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने बताया कि जबरन हाथ से मैला उठाने का कार्य करवाने वाले व्यक्तियों पर ऐक्ट में दंड का भी प्रावधान है, जिसमें एक वर्ष का कारावास अथवा पचास हजार तक जुर्माने का प्रावधान है।


**कार्यालय, नगरपालिकनिगम, रायपुर (छ.ग.) जोन क्रमांक 3, शंकर नगर पानी, टंकी के नीचे**
Email:-rmczone3@gmail.com

क्रमांक 79/न.पा.नि./ जोन-3/2025-26 रायपुर, दिनांक 18.03.2026

**चतुर्थ रूचि की अभिव्यक्ति (EOI)**

नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्र. 03 अंतर्गत रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) के माध्यम से जोन क्रमांक-03 अंतर्गत निजी भवनों में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने के कार्य हेतु राशि रू. 9.53 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इच्छुक पंजीकृत अशासकीय संगठन (एन.जी.ओ.), स्व-सहायता समूह, असंगठित कामगारों की पंजीकृत समितियां, बेरोजगार इंजीनियर्स एवं निगम से पंजीकृत हाईड्रोलॉजिस्ट एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से बंद लिफाफे में दरे **दिनांक 25.03.2026** तक आवेदनकर्ता फर्म/संस्था का जीवित पंजीयन, पैनकार्ड, जी. एस.टी. संलग्न कर अमानती राशि का एफडी.आर. राशि रु. 10,000/- (जोन आयुक्त जोन क्र. 03 नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से) का स्पीड पोस्ट के माध्यम से सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

उक्त कार्य हेतु निर्धारित आवेदन पत्र का डी.डी. राशि रू. 2000/- जोन आयुक्त जोन क्र. 03 नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से **दिनांक 23.03.2026** सायं 5.00 बजे तक दर प्रपत्र प्राप्त कर सकते है। दरे सभी करो को सम्मिलित कर होगी तथा कटौतियां भी शासन के नियमों के अंतर्गत की जावेगी। (स्व-सहायता समूह / असंगठित कर्मचारी पंजीकृत समितियों को धरोहर राशि में छूट की पात्रता होगी)

इस कार्य हेतु अन्य जानकारियों, नियम व शर्ते कार्यालयीन अवधि में कार्यपालन अभियंता जोन क्र. 03 नगर पालिक निगम, रायपुर से प्राप्त की जा सकती है।

**घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें**

जोन आयुक्त
जॉन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./29125/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 18-03-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 29125
वार्ड का नाम-12 - कालीमाता वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 12 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR225F00019** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BIRBAL VERMA S/O TIRATHRAM VERMA, SMT. SUNITA VERMA D/O BIRBAL VERMA** पिता/पति श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. PRABHA JANGHEL** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O SUNIL KUMAR JANGHEL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./29124/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 18-03-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 29124
वार्ड का नाम-12 - कालीमाता वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 12 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR225F00020** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MRS. DURGESH SETHI** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O MR. BHUPENDRA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. SMT. RADHA BAI JANGHEL W/O MADAN LAL JANGHEL** पिता/पति श्री/श्रीमती **2. SMT. SAVITA JANGHEL W/O KUNDAN LAL JANGHEL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि **दीनदयाल आवास योजनांतर्गत परसुलीडीह,** रायपुर में स्थित **ई.डब्ल्यू.एस. भवन क्रमांक-96, श्री बिश्वजीत हाजरा पिता श्री नरेन्द्र हाजरा** के नाम से आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की सेलडीड / लीजडीड अनुबंध **दिनांक 21/01/2025** को पंजीकृत कराने के उपरांत भवन की पूर्ण राशि जमा कर इस कार्यालय के आदेश **क्रमांक 758 दिनांक 24/02/2025** के माध्यम से आधिपत्य प्राप्त कर लिया है वर्तमान में आबंटी **श्री बिश्वजीत हाजरा पिता श्री नरेन्द्र हाजरा निवासी सड्डू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-03, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)** के द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्रीमती देवकुमारी चेलक पति श्री राजाबाबू चेलक निवासी-बोहरडीह, बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)** के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन एवं विक्रय इकरारनामा, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./29539/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 18-03-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 29539
वार्ड का नाम-30 - शंकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR331D00192** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. ANJALI KALE** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O AMAR KALE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. KUMARI HARPAL** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O PANCHU HARPAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मलामा बिक्रीनामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./29311/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 18-03-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 29311
वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446Q00836** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SAURABH DRIVEDI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LAXMI NARAYAN DRIVEDI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JANVI PANJWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VIJAY PANJWANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री मोनेश्वर शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./ 29318/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 17-03-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 29318
वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652R00592** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MAA SHARDA BUILDCON PARTNER BY MAHESH DHANGAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DOMU RAM DHANGAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ROHINI PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LAKHAN LAL PATEL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री मोनेश्वर शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./29329/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 17-03-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 29329
वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652N0328E** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **LAXMI BAI DHANGAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJKUMAR DHANGAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **GAYATRI SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **TOSHAN SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री मोनेश्वर शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./29362/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 18-03-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 29362
वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446K0031V** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **AJAY KUMAR TEJWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MOHAN LAL TEJWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHWETA SUNDRANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MOHAN KUMAR SUNDRANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री मोनेश्वर शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./29421/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 18-03-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 29421
वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446P0213A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAMESH KUMAR BHAWNANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. MOTUMAL BHAWNANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. MOHAN ROHRA 2. TANU ROHRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. D.D. ROHRA 2. MOHAN ROHRA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री मोनेश्वर शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

# 4 व 5 अप्रैल को रायपुर में होगा अग्रवाल समाज का भव्य परिचय सम्मेलन सूरजपुर जिला मुख्यालय समाज की हुई बैठक

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार ) -** अग्रवाल समाज में विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए उपयुक्त जीवनसाथी के चयन के उद्देश्य से प्रदेश स्तर पर श्री अग्रवाल सभा रायपुर द्वारा आगामी 4 व 5 अप्रैल को रायपुर स्थित अग्रोहा धाम में भव्य युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में रविवार को शाम एक महत्वपूर्ण सामाजिक बैठक सूरजपुर अग्रवाल सभा के आतिथ्य व अध्यक्ष अमृतलाल अग्रवाल के निवास में आयोजित की गई। जिसमें समाज के लोगों को सम्मेलन की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में रायपुर अग्रवाल सभा से आए परिचय सम्मेलन के प्रमुख रमेश अग्रवाल, प्रभारी विसम्भर अग्रवाल तथा सह प्रभारी पवन अग्रवाल ने सम्मेलन की



रूपरेखा, पंजीयन प्रक्रिया और कार्यक्रम की विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य अग्रवाल समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों को एक 'ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां परिवार एक-दूसरे से परिचित होकर बेहतर वैवाहिक संबंधों की शुरुआत कर सकें। इस अवसर पर सरगुजा संभागीय अग्रवाल सभा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में परिचय सम्मेलन समाज के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रहे हैं। ऐसे आयोजनों से युवक-युवतियों और उनके परिवारों को एक-दूसरे को समझने का अवसर मिलता है, जिससे अच्छे और स्थायी वैवाहिक संबंध स्थापित होते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों का बेहतर भविष्य और समय पर विवाह समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस प्रकार के परिचय सम्मेलन समाज को एकजुट करने के साथ-साथ नई पीढ़ी के लिए सही जीवनसाथी खोजने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने सरगुजा संभाग की सभी अग्रवाल सभाओं से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्र के विवाह योग्य युवक-युवतियों तथा उनके अभिभावकों को इस सम्मेलन में अवश्य लेकर आएं। इस दौरान बैठक में अग्रवाल सभा, अग्रसेन समिति, मारवाड़ी युवा मंच, अग्रवाल सम्मेलन, अग्रवाल संगठन, बायोडाटा समिति सहित भैयाथान अग्रवाल सभा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**परिवारों के बीच बनते हैं नए रिश्ते-** अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि समाज के लोग अपने रिश्तेदारों, परिचितों और मित्रों को भी इस सम्मेलन की जानकारी देकर शामिल होने के लिए प्रेरित करें, तो अधिक से अधिक योग्य युवक-युवतियों का परिचय संभव होगा और कई परिवारों के बीच नए रिश्ते स्थापित हो सकेंगे। ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों से समाज में आपसी मेल-मिलाप बढ़ता है और सहयोग की भावना मजबूत होती है।

## कांग्रेस पार्टी की मजबूती को लेकर रामानुजनगर ब्लॉक कांग्रेस की हुई बैठक






**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** जिला कांग्रेस कमेटी सूरजपुर के निर्देशानुसार आज रामानुजनगर रेस्ट हाउस में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र साहू के नेतृत्व में की प्रथम आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार और भविष्य की कार्ययोजना पर गंभीर मंथन किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से ब्लॉक प्रभारी श्री मेहंदी यादव एवं श्री बिहारी कुलदीप उपस्थित रहे। चर्चा के मुख्य बिंदु निम्नलिखित रहे:संगठन विस्तार: मंडल अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष और बूथ प्रभारियों की नियुक्तियों व उनकी सक्रियता पर जोर दिया गया। प्रभारियो ने बताया आगामी कार्यक्रमों को लेकर रणनीतिक खाका तैयार किया गया ताकि जमीनी स्तर पर पार्टी को और सशक्त बनाया जा सके ।ब्लॉक प्रभारी ने बूथ प्रबंधन पर दिया जोर : बूथ जीता, चुनाव जीता' के संकल्प के साथ मंडल अध्यक्ष बूथ अध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.बैठक के अंत में ब्लॉक अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का आह्वान किया इस दौरान उपाध्यक्ष इस्माइल ख़ान, प्रदीप साहू, आनंद कुंवर, हेमलता रजवाड़े, चन्द्रदत दुबे, गीता सिंह, दिव्या तंजे,निशि जायसवाल, विमला सिंह, अविनाश यादव, विजय साहू, हेमंत साहू, समर्थ प्रजापति, बालमुकुन दास, महेश सिंह, राजेंद्र हितकर, शतवंत सिंह, अविनाश साहू, ऋषि दुबे, परमेश्वर सिंह, विनय दुबे, उत्तम यादव, भूपेन्द्र साहू, भोला गुप्ता, रामशंकर साहू, राजेश सोनी, जगदीश सिंह, संजय गुप्ता, फ़िरोज ख़ान, रामचन्द्र ठाकुर, जगतपाल सिंह, बाबा ख़ान, विकाश सिंह सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

## श्री श्री हरि चांद ठाकुर जी के जन्मदिन उत्सव में शामिल होने निसान दल का हुआ आगमन



**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**दल रविंद्र नगर संजय नगर अजीर्मा बलरामपुर सरगांव साकालो भगवानपुर सुभाष नगर सतना जिला मध्य प्रदेश मदनपुर सिलफिली के थे सभी दल अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण कर 7 बजे से मंदिर में आगमन शुरू हुआ रात 12 तक सभी दल का आगमन हो जायेगा।

श्री श्री हरि चांद ठाकुर जी की 215 वीं महोत्सव पर निकली विशाल कलश यात्रा बीते कल मंगलवार को श्री श्री हरि चांद ठाकुर के 215 वीं जन्म महोत्सव पर ,वारूनी, महामेला मे प्रथम दिन विशाल कलश यात्रा निकाली गई उक्त संबंध में जानकारी के अनुसार श्री किरण चांद हरि भजन आश्रम अजब नगर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम श्री हरिचंद्र ठाकुर के छायाचित्र पर दीप प्रजलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ की गई। हरि भक्तों के द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विशाल कलश यात्रा एवं अधिवास घर शुभारंभ किया गया 17 ।3 ।2026 को गंगा स्नान एवं निसान दल आगमन ,18 ।3 ।2026 को जे एम डी म्यूजिक ग्रुप मध्य प्रदेश जीवत झांकी के साथ भजनों की प्रस्तुति की जावेगी ।19 ।3 ।2026 धार्मिक रागा रंग कार्यक्रम,20 ।3 ।2026 को धार्मिक प्रवचन एवं शांति सभा का आयोजन किया जाएगा ।प्रतिदिन प्रात: 7 बजे से 10बजे तक संध्या आरती हरि भक्तों द्वारा किया जाएगा। प्रतिदिन सभी सज्जनों एवं हरि भक्तों के लिए विशाल भंडारा की भी व्यवस्था कमेटी के द्वारा की गई है उक्त जानकारी कमेटी के संदीप सरकार ने दी ।सभी आयोजन को सफल बनाने में कमेटी सदस्य जी जान से लगे हुए।

## सैमसंग ने लॉन्च किया गैलेक्सी M17e 5G, भारत की युवा और हमेशा एक्टिव रहने वाली पीढ़ी के लिए स्मार्टफोन के अनुभव को दिया नया रूप

**गुरुग्राम:** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने आज गैलेक्सी M17e 5G, को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह स्मार्टफोन 20 मार्च से Samsung.com, अमेज़न और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा, जिसकी शुरुआती कीमत 13,999 रुपये रखी गई है। गैलेक्सी M सीरीज़ सैमसंग के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन लाइन-अप में से एक है, और गैलेक्सी M17e 5G, इसी विरासत को आगे बढ़ाता है। युवा भारतीय उपभोक्ताओं की लगातार बदलती (डायनामिक) जरूरतों को पूरा करने के लिए, यह स्मार्टफोन प्रमुख फीचर्स— एक स्मूथ डिस्प्ले, लंबी चलने वाली बैटरी, दमदार परफॉर्मेंस, शानदार कैमरे और स्मार्ट सॉफ्टवेयर— में भरोसेमंद परफॉर्मेंस और रोजमर्रा के इस्तेमाल की शानदार सुविधा देता है। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के डायरेक्टर, अक्षय एस राव ने कहा, गैलेक्सी M17e 5G, ऐसे इनोवेशन और अनुभव देता है जो जेन जी के लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं। मूल्य (वैल्यू) को महत्व देने वाले ये युवा यूजर्स ऐसे डिवाइस चाहते हैं जिनमें लंबी बैटरी लाइफ़ स्मूथ ऐप परफॉर्मेंस, हाई-क्वालिटी फोटोग्राफी और प्रोडक्टिविटी (उत्पादकता) बढ़ाने वाले स्मार्ट फीचर्स हों। हाई-रिफ्रेश-रेट डिस्प्ले, बड़ी बैटरी, पावर-एफिशिएंट 5G प्रोसेसर, 50MP कैमरा सिस्टम, इंटीग्रेटेड एआई टूल्स और लंबे समय तक सॉफ्टवेयर सपोर्ट के साथ, गैलेक्सी M17e 5G, एक ऐसा भरोसेमंद स्मार्टफोन अनुभव सुनिश्चित करता है।

## पुलीस ने बिश्रामपुर क्षेत्र के गायत्री खदान से चोरी का 33 टन कोयला की जप्त, चोरों के 13 मोटर सायकल व 7 सायकल जप्त

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-**खदान से कोयला चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने चोरी की घटना पर अंकुश लगाने पुलिस टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। बुधवार, 18 मार्च 2026 की सुबह एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों की टीम ने गायत्री खदान में अचानक दबिश दी।

गायत्री खदान में कार्रवाई के लिए पहुंची पुलिस टीम को देखकर कोयला चोरी करने वाले व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर अपनी मोटर सायकल व सायकल को छोड़कर भाग निकले। मौके पर 450 बोरी कोयला करीब 33 टन, 13 नग मोटर सायकल व 7 सायकल वहां पाया गया। मौके पर मिले 33 टन कोयला कीमत करीब 2 लाख रूपये को खदान प्रबंधन को सौंपा दिया गया। मामले में धारा 106 बीएनएसएस के तहत



कार्रवाई कर खदान के बाहर लावारिश हालत में पाए गए मोटर सायकल व सायकल को जप्त कर इनके वाहन स्वामियों की पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी विश्रामपुर प्रकाश राठौर, निरीक्षक नरेन्द्र सिंह, एसआई प्रदीप सिदार, कृपाल सिंह, एएसआई राकेश यादव व पुलिस के जवान सक्रिय रहे।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने कड़े शब्दों में कहा है कि अवैध कोयला कारोबारी और ग्रामीणों के गठजोड़ को तोड़ने के लिए यह कार्रवाई लगातार जारी है। खदान प्रबंधन को बाउण्ड्रीवाल के अवैध निकास को जल्द बंद कराने और खदान के सुरक्षाकर्मियों के साथ सख्ती से गश्त कराने के निर्देश दिए है।

## सरगुजा संभाग का नवरात्र पर आयोजित होने वाला कुदरगढ़ महोत्सव में तीन दिवसीय चलने वाला कार्यक्रम का विवरण जारी

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** सरगुजा संभाग का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन कुदरगढ़ महोत्सव का विवरण प्रशासन ने किया जारी। खेल प्रतिभाओं के बीच जबरदस्त मुकाबले का किया जायेगा खेल प्रदर्शन ।कुदरगढ़ महोत्सव 2026: 23 से 25 मार्च तक कुश्ती, वॉलीबाल, कबड्डी और मल्लखम्ब का होगा शानदार प्रदर्शन विकासखंडवार, वॉलीबाल एवं कबड्डी टीम भाग लेने के लिए पंजीयन कराना करें सुनिश्चित

20 मार्च तक अंतिम तिथि प्रवेश शुल्क पुर्णत: नि:शुल्क होगा। जिला प्रशासन सूरजपुर एवं माँ बागेश्वरी धाम ट्रस्ट कुदरगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में कुदरगढ़ महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन 23 से 25 मार्च 2026 तक माँ बागेश्वरी धाम, कुदरगढ़ में किया जायेगा। तीन दिवसीय इस महोत्सव में खेल, संस्कृति और आध्यात्म का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। महोत्सव में खेल कार्यक्रम की




थीम ''खूब खेलबो, नशा ले दूर रहबो'' रखी गई है।

**खेल प्रतियोगिताएँ** - महोत्सव के अंतर्गत अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता के साथ-साथ जिला स्तरीय वॉलीबाल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। वॉलीबाल एवं कबड्डी प्रतियोगिताएँ केवल पुरुष वर्ग के लिए हैं तथा इनमें सूरजपुर जिले के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। आयु का कोई बंधन नहीं है और प्रवेश शुल्क पूर्णतः निःशुल्क है। प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 20 मार्च 2026 सायं 5 बजे तक निर्धारित है।

**वॉलीबाल एवं कबड्डी प्रतियोगिता में पंजीयन अनिवार्य** - प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी अपने विकासखण्ड में चिंन्हित किये गए प्रतिनिधियों से सम्पर्क कर सकते हैं। वॉलीबाल के लिए - वि.ख. सूरजपुर एवं भैयाथान हेतु खेलावन सिंह (मो. 6260354080), वि.ख. ओडगी एवं प्रेमनगर हेतु प्रभाशंकर प्रसाद (मो. 7067019738) तथा वि.ख. प्रतापपुर एवं रामानुजनगर हेतु धर्मपाल रजक (मो. 9977929291) से संपर्क किया जा सकता है। कबड्डी के लिए - वि.ख. रामानुजनगर एवं प्रेमनगर हेतु रामसुभाष राजवाड़े (मो. 9977136160), वि.ख. भैयाथान एवं ओडगी हेतु संजय यादव (मो. 9304001651) तथा वि.ख. सूरजपुर एवं प्रतापपुर हेतु सहदेव रवि (मो. 6263774962) से संपर्क किया जा सकता है।

**मल्लखम्ब का विशेष प्रदर्शन** - महोत्सव के तीसरे दिन 25 मार्च 2026 को सायं 7 बजे पामगढ़ के मल्लखम्ब खिलाड़ियों द्वारा शौर्य एवं नृत्य कला का विशेष प्रदर्शन किया जाएगा, जो दर्शकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भीप पेमेंट्स ऐप ने एमएस धोनी को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**रायपुर।** एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड (एनबीएसएल) ने आज विश्व कप विजेता और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को भीप पेमेंट ऐप यानी भारत का अपना पेमेंट्स ऐप का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की। यह साझेदारी दो ऐसे नामों को एक साथ लाती है जो भरोसे, निरंतरता और विश्वसनीयता के प्रतीक हैं—ऐसे मूल्य जो पीढयिों और भौगोलिक सीमाओं से परे लोगों से जुड़ते हैं। जैसे-जैसे भीम भारत की डिजिटल पेमेंट्स यात्रा को सक्षम करते हुए अपने एक दशक के करीब पहुंच रहा है, यह सहयोग उसके अगले विकास चरण की दिशा में एक रणनीतिक कदम है, जो स्केल, समावेशन और दीर्घकालिक यूज़र विश्वास पर केंद्रित है। यह साझेदारी मूल्यों और यात्रा के स्वाभाविक मेल को दर्शाती है। भीम पेमेंट्स ऐप, नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंण्डिया (एनपीसीआई) के मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर पर आधारित सुरक्षित डिजिटल भुगतान उपलब्ध कराता है, जबकि महेंद्र सिंह धोनी अपने शांत स्वभाव, अनुशासन और दबाव में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं। दोनों ने मजबूत आधार से आगे बढक़र पूरे भारत की सेवा की है—धोनी ने एक छोटे शहर से उठकर राष्ट्रीय नेतृत्व तक का सफर तय किया, जबकि भीम एक अग्रणी पेमेंट्स इंटरफेस से विकसित हो कर पूरे देश में इस्तेमाल किए जानेवाले प्लेटफॉर्म के रूप में उभरा है। इसलिए यह साझेदारी दोनों की पहचान का स्वाभाविक विस्तार है। एनबीएसएल की एमडी और सीईओ ललिता नटराज के अनुसार - भारत में डिजिटल भुगतान तेजी से बढ़ रहे हैं और अब विकास का अगला चरण यूज़र की पसंद को मजबूत करने और उनके विश्वास को और गहरा करने पर केंद्रित है। एमएस धोनी को हमारे ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करने का उद्देश्य भीम पेमेंट्स ऐप को सिर्फ एक पेमेंट्स विकल्प नहीं, बल्कि हर भारतीय परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए पसंदीदा ऐप के रूप में स्थापित करना है। जैसे-जैसे भीम अपने अगले विकास चरण में प्रवेश कर रहा है, विश्वास हमारे हर कदम के केंद्र में है। धोनी उसी विश्वास का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो समय के साथ बना है। इसलिए यह साझेदारी स्वाभाविक लगती है। महेंद्र सिंह धोनी ने कहा - मैंने हमेशा चीजों को सरल रखने और अपने दृष्टिकोण को स्पष्ट रखने में विश्वास किया है। भीम के बारे में जो बात मुझे खास लगी, वह है देशभर के लोगों के लिए डिजिटल भुगतान को सरल और सुलभ बनाने पर उसका ध्यान। जैसे-जैसे भारत डिजिटल अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### 'इसुजू आई-केअर प्री-समर कैंप' 23 से 28 मार्च तक

इसुजु की बेहतरीन सर्विस और गाड़ी के मालिक बनने का अनुभव प्रदान करने की प्रतिबद्धता को पुन: दोहराने के अपने निरंतर प्रयास के अंतर्गत, इसुजु मोटर्स इंडिया अपनी इसुजु डी मैक्स पिक-अप और एसयूवी रेंज के लिए देश भर में एक 'इसुजु आई - केअर प्री-समर कैंप' आयोजित करेगी। इस सर्विस कैंप का उद्देश्य ग्राहकों को इस मौसम में पूरे देश में बिना किसी परेशानी के वाहन चलाने का अनुभव प्रदान करने के लिए आकर्षक लाभ और निवारक रख-रखाव की जाँचों की सुविधा प्रदान करना है।

'इसुजु केअर' की पहल के रूप में, यह प्री-समर कैंप रायपुर इसुजु के सभी अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर 23 मार्च से 28 मार्च 2026 (दोनों दिन समेत) के बीच आयोजित किया जायेगा। इस दौरान, ग्राहक अपने वाहनों के लिए विशेष ऑफर् और अनेक लाभ उठा सकते हैं।

कैंप में आने वाले ग्राहकों को नि:शुल्क 37-पॉइंट का संपूर्ण चेक-अप, लेबर पर 10 प्रतिशत की छूट, पुर्जों पर 5 प्रतिशत की छूट, लुब्रिकेंट्स और तरल पदार्थों पर 5 प्रतिशत की छूट, रिटेल आरएसए पर 20 प्रतिशत की छूट, प्रोकेयर पर 5 प्रतिशत की छूट, विस्तारित वारंटी पर 20 प्रतिशत की छूट एवं मुफ़्त 'आरईजीईएन ' सुविधायें प्राप्त होंगी। कुछ विशेष परिस्थितियों में नियम एवं शर्तें लागू होगा और 1 अक्टूबर 2025 के बाद खरीदा गया हो, और यह ऑफर् केवल 31 मार्च 2026 तक ही मान्य है।.

यह प्री-समर कैंप रायपुर सहित आगरा, अहिल्यानगर, अहमदाबाद, अंबिकापुर, अनंतपुर, बारामूला, बरेली, बाड़मेर, भरूच, भटिंडा, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, बीकानेर, बिलासपुर, कालीकट, छत्रपति संभाजी नगर, चेन्नई, चिक्कमगलुरु, कोयंबटूर, धुले, दिल्ली, डिब्रूगढ़, दीमापुर, दुर्गापुर, एर्नाकुलम, गाँधीधाम, गोरखपुर, गुरुग्राम, गुवाहाटी, हावड़ा, हुबली, हैदराबाद, इंदौर (2), जयगांव, जयपुर, जालंधर, जम्मू, जोधपुर, कडप्पा, कलबुर्गी, करनाल, कायमकुलम, खम्मम, कोल्हापुर, कोलकाता, कोट्टायम, कर्नूल, लातूर, एल.बी. नगर (हैदराबाद), लेह, लखनऊ, लुधियाना, मदुरई, मंडी, मंगलुरु, मेहसाणा, मोहाली, मुंबई (नेरुल और बोरीवली), मुंद्रा, मैसूर, नागपुर, नासिक, नेल्लोर, निज़ामाबाद, नोएडा, पटना, पुणे, राजमुंदरी, राजकोट, रत्नागिरी, सतारा, शिवमोग्गा, सीकर, सिलीगुड़ी, सोलापुर, सूरत, थेनी, त्रिशूर, तिरुनेलवेली, तिरुपति, त्रिची, तिरुवनंतपुरम, वडोदरा, विजयवाड़ा और विशाखापत्तनम में स्थित इसुजू की सभी अधिकृत सेवा सुविधाओं पर आयोजित किया जायेगा।

# संपादकीय


## केंद्र का दिशा-निर्देश

इस बहुलता भरे देश में असहमत विचार और विरोधी भावनाओं की एक सीमा से ज्यादा अनदेखी विपरीत परिणाम दे सकती है। इसलिए बेहतर होगा कि केंद्र असहमत समूहों के साथ संवाद कायम करने का नजरिया अपनाए। पूरे भारत को अपनी विचारधारा के रंग में ढालने की मुहिम में जुटी नरेंद्र मोदी सरकार को ऐसे कदमों पर हो रही प्रतिक्रियाओं को लेकर अवश्य सचेत रहना चाहिए। इस बहुलता भरे देश में असहमत विचार और विरोधी भावनाओं की एक सीमा से ज्यादा अनदेखी विपरीत परिणाम दे सकती है। इसलिए बेहतर होगा कि सरकार असहमत समूहों के साथ संवाद कायम करने का नजरिया अपनाए। इस हफ्ते ऐसी दो घटनाएं हुईं, जिन्हें केंद्र के अति-उत्साह की प्रतिक्रिया समझा जाएगा।बीते 28 जनवरी को केंद्र ने दिशा-निर्देश जारी कर राष्ट्रगान से पहले राष्ट्रगीत गाना और वंदे मातरम के सभी छह स्तोत्र गाना अनिवार्य कर दिया था। गुजरे मंगलवार को नगालैंड विधानसभा ने इस मुद्दे को प्रवर समिति को भेजने का फैसला किया कि क्या ये दिशा-निर्देश उस राज्य पर भी लागू होता है। इसके पहले बजट सत्र की शुरुआत पर पहली बार गन-गण-मन से पहले सदन में वंदे मातरम गाया गया। उस पर भाजपा को छोड़ सभी दलों के सदस्यों ने आपत्ति जताई। उनमें सत्ताधारी गठबंधन में शामिल दल भी हैं, हालांकि ये गठबंधन केंद्र में सत्ताधारी एनडीए का हिस्सा है। कई सदस्यों ने कहा कि इस मामले से संवैधानिक एवं अंतरात्मा से संबंधित सवाल खड़े हुए हैं। यह भी कहा गया कि केंद्र का दिशा-निर्देश देशभक्ति और एकरूपता का घालमेल करता मालूम पड़ा है। इस बीच रेलवे स्टेशनों पर अन्य लिपियों में हिंदी शब्द लिखने को लेकर तमिलनाडु में विवाद गरमा गया है। बुधवार को तिरुचि स्टेशन पर अधिकारियों ने हिंदी, अंग्रेजी, और तमिल में लिखे कर्त्तव्य-द्वार शब्द को हटा दिया। कहा कि ऐसा जन भावनाओं का ख्याल करते हुए किया गया है। इसके पहले डीएमके समर्थकों ने गेट पर बने मेहराब पर लिखे इन शब्दों पर कालिख पोत दी थी। मुख्यमंत्री एम।के। स्टालिन ने इसे 'एक भाषा, तीन लिपि' नीति बताते हुए इस पर कड़ा एतराज जताया था। संकेत हैं कि तमिलनाडु में अब अन्य जगहों पर भी हिंदी विरोधी समूह इस मुद्दे पर विरोध जताने की तैयारी में हैं। ऐसी हर घटना राष्ट्रीय मेलजोल की भावना में पेच डालती है। अत: उचित यही होगा कि इन पर अविलंब ध्यान दिया जाए।

# विद्युत क्षेत्र में भारत के नेतृत्वकारी क्षमता की राह बुलंद करना:नई विकास गाथा को ऊर्जा प्रदान कर रहा है भारत

श्री मनोहर लाल

प्राचीन प्रार्थना तमसो मा ज्योतिर्गमय अर्थात हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो केवल आध्यात्मिक आकांक्षा भर नहीं, अपितु आधुनिक भारत की गाथा को भी दर्शाती है। बीते दशक में, कभी लगातार कमी से परिभाषित होने वाले विद्युत इकोसिस्टदम को दुनिया के सबसे तेज़ी से बढ़ते, सबसे वैविध्यिपूर्ण और सुधार-प्रेरित विद्युत बाज़ारों में से एक में परिवर्तित कर हमने इस आदर्श भावना को वास्तविकता में बदल दिया है। जैसे-जैसे भारत स्वयं को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र, उभरती हुई डिजिटल अर्थव्यवस्था और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में जिम्मेदार नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित कर रहा है, वैसे-वैसे विद्युत क्षेत्र हमारी राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता की आधारशिला बन गया है। पिछले दशक में, हमने उत्पादन और पारेषण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि की है, जिससे राष्ट्रीय ऊर्जा की कमी वित्त वर्ष 2013ङ्क14 में 4.2त्न से घटकर वित्त वर्ष 2025ङ्क26 तक मात्र 0.03त्न रह गई है। केवल वित्त वर्ष 2025ङ्क26 में ही (जनवरी 2026 तक), सभी स्रोतों से रिकॉर्ड 52.53 गीगावाट क्षमता जोड़ी गई है, जो एक ही वर्ष में जोड़ी गई अब तक की सर्वाधिक क्षमता है, जिसने 2024ङ्क25 में स्थापित 34.05 गीगावाट के पिछले सर्वोच्च स्तर को भी पार कर लिया है। कुल विद्युत उत्पादन वित्त वर्ष 2014 में 1,020.2 बीयू से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 1,830 बीयू हो गया है। प्रति व्यक्ति खपत 2014 में 957 किलोवाट-घंटे से बढ़कर 2025 में 1,460 किलोवाट-घंटा हो गई है, जो आर्थिक विकास और बेहतर पहुँच को दर्शाती है। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि हर घर, खेत और उद्योग के पास उसकी आवश्यकता के अनुसार विश्वसनीय विद्युत उपलब्धघ हो और भारत अब दुनिया में विद्युत का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता बन गया है। यद्यपि हम 520 गीगावाट से अधिक विद्युत उत्पानदित करने में सक्षम हैं, लेकिन किसी भी प्रणाली की असली परीक्षा अधिकतम मांग या पीक लोड को बिना किसी तरह के संचालनात्मक दबाव के संभाल सकने की उसकी क्षमता होती है। साल 2024 की गर्मियों में अधिकतम मांग रिकॉर्ड 250 गीगावाट तक पहुँच गई थी और वित्त वर्ष 2025ङ्क26 में यह 242.49 गीगावाट रही। इससे पहले मांग में इस तरह की वृद्धि से ग्रिड पर दबाव पड़ सकता था, लेकिन हमारे लोड डिस्पैच केंद्रों ने लगभग शून्य ऊर्जा हानि के साथ इसे सफ्लतापूर्वक प्रबंधित किया। यह मजबूती दुनिया के सबसे बड़े समकालिक ग्रिडों में से एक के कारण संभव हुई है, जिसमें 120 गीगावाट अंतर-क्षेत्रीय स्थानांतरण क्षमता है, जो देश को एक राष्ट्र-एक ग्रिड-एक फ्रीक्वेंसी में एकीकृत करती है। प्रेरणादायक बात केवल यह नहीं है कि हम कितनी विद्युत का उत्पाषदन करते हैं, बल्कि यह भी है कि हम उसे कैसे उत्पानदित करते हैं। गैर-जीवाश्म ईंधन पर आधारित क्षमता का अंश तेजी से बढ़ा है, जिसकी बदौलत भारत 50त्न संचयी गैर-जीवाश्म ईंधन पर आधारित विद्युत क्षमता हासिल करने के अपने एनडीसी लक्ष्य को निर्धारित समय से लगभग पाँच वर्ष पहले ही हासिल करने में समर्थ हो सका है। यह स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और जलवायु के प्रति हमारी संकल्पिबद्धता को दर्शाता है। 2014 से, मिशन मोड योजनाओं के माध्यम से विद्युत क्षेत्र को नए रूप में ढाला गया है, जिन्होंने पहुँच का विस्तार करते हुए सतत परिवर्तन को भी गति दी है। दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना ने भारत के हर गांव तक बिजली पहुँचायी, इसके बाद सौभाग्य योजना आई, जिसने लाखों घरों को बिजली से रोशन किया और ऊर्जा तक पहुँच को सभी के लिए वास्तविकता बना दिया। एक अन्य परिवर्तनकारी सुधार सितंबर 2025 में समान आईएसटीएस सबस्टेशनों पर सौर और गैर-सौर घंटों के लिए अलग-अलग कनेक्टिविटी की शुरुआत है। सौर परियोजनाओं को सौर घंटों के दौरान पहुँच मिलती है, जबकि भंडारण और पवन परियोजनाओं को गैर-सौर घंटों में पहुँच मिलती है। इससे बड़ी मात्रा में अप्रयुक्त पारेषण क्षमता का उपयोग संभव होता है, अतिरिक्त लाइनों की आवश्यकता के बिना नवीकरणीय और भंडारण परियोजनाओं के कमीशनिंग में तेजी आती है, पारेषण लागत घटती है और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होता है। डिजिटल सशक्तिकरण हमारे आधुनिकीकरण की गाथा का महत्वपूर्ण अंश है। संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत 3.03 लाख करोड़ रुपये के खर्च के साथ हम पूरे देश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लागू



कर रहे हैं, जिससे उपयोगिताओं और नागरिकों के बीच संबंधों में परिवर्तन आ रहा है। इस योजना के सकारात्मक परिणाम भी सामने आ चुके हैं: एटी एंड सी हानियां 2021 में 21.91त्न से घटकर 2025 में 15.04त्न हो गई हैं, और प्रति यूनिट आपूर्ति पर अंडर-रिकवरी 69 पैसे से घटकर 6 पैसे रह गई है। जैसे-जैसे हमारी डिजिटल अर्थव्यवस्था तेज़ी से बढ़ रही है, भविष्य की मांग का पूर्वानुमान लगाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि वर्तमान मांग का प्रबंधन करना। डेटा सेंटर की क्षमता 2030 तक 1.4 गीगावाट से बढ़कर 9 गीगावाट होने का अनुमान है, और केवल ये सुविधाएँ ही भारत की कुल विद्युत खपत के लगभग 3त्न का उपयोग कर सकती हैं। हमारा अगला लक्ष्य एआई, अनुसंधान एवं विकास और अन्य प्रौद्योगिकी-संचालित इकोसिस्टम से उत्पन्न विद्युत की विशाल और लगातार बढ़ती मांग को निरंतर रूप से पूरा करना है। जैसे-जैसे नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार हो रहा है, ऊर्जा भंडारण अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। भारत तेजी से बढ़ती डिजिटल अवसंरचना को स्वच्छ ऊर्जा से संचालित करने के लिए पम्प्ड स्टोरेज परियोजनाओं और बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों का बड़े पैमाने पर विकास कर रहा है। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन भारत को स्वच्छ ईंधनों के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है, ग्रिड स्थिरता और नवीकरणीय ऊर्जा की अधिक पैठ को बढ़ावा दे रहा है। हम परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भी निर्णायक कदम उठा रहे हैं, जो कम कार्बन और विश्वसनीय पावर मिक्सप का एक आवश्यक हिस्सा है। 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु क्षमता का हमारा लक्ष्य और स्॥ह्रञ्जढ्ढ अधिनियम, 2025, हमारी तकनीकी संप्रभुता को प्रमाणित करते हैं और निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए कानूनी व नीतिगत ढाँचा तैयार करते हैं। अब हमें जो चाहिए, और जिसे यह समिट उत्प्रेरित कर सकता है, वह है तकनीक, वित्त और आपूर्ति श्रृंखलाओं में वैश्विक साझेदारियाँ। विकसित भारत को ऊर्जा प्रदान करने, ग्लौबल साउथ में विद्युतीकरण को तेज करने और मजबूत, भविष्य-सक्षम ऊर्जा तंत्र बनाने के लिए, हमें महत्वाकांक्षा तक सीमित न रह कर, समन्वित कार्रवाई की दिशा में आगे बढ़ना होगा। यही वह समय है जब सरकारें, उद्योग जगत के दिग्गज, नवप्रवर्तनकर्ता और वैश्विक साझेदार मिलकर एक ऐसी नई ऊर्जा संरचना का निर्माण करें—जो स्वच्छ, विश्वसनीय, डिजिटल रूप से एकीकृत और वैश्विक रूप से आपस में जुड़ी हुई हो। भारत को सीमा-पार विद्युत सहयोग का नेतृत्व करना चाहिए; अगली पीढ़ी के पारेषण, डिजिटल ग्रिड इंटेलिजेंस और ओएसओडब्ल्यूओजी -संरेखित बाजार तंत्र में साहसपूर्वक निवेश करना चाहिए; और डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए नवीकरणीय ऊर्जा, हाइड्रोपावर नवाचार, लचीले गैस संसाधनों और स्वच्छ ऊर्जा का त्वरित उपयोग करना चाहिए। इस गति को ट्रांसमिशन सिस्टम ऑपरेटर और डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम ऑपरेटर के बीच मजबूत समन्वय और 2047 तक के लिए एकीकृत पावर सेक्टर रोडमैप द्वारा और भी सुदृढ़ किया जाना चाहिए, जो भारत को मजबूत, टिकाऊ और किफायती विद्युतीकरण का वैश्विक मॉडल बनाए। इस पृष्ठभूमि में, नई दिल्ली में आयोजित भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 विशेष महत्व रखता है। यह ऐसे महत्वपूर्ण समय पर हो रहा है जब राष्ट्र टिकाऊ, सुरक्षित और प्रौद्योगिकी-संचालित विद्युत तंत्र की दिशा में अपने संक्रमण को तेज कर रहा है। विकास को विद्युतीकृत करना, टिकाऊ भविष्य को मजबूत बनाना और दुनिया से जुड़ना (अर्थात इलेक्ट्रिफाइंग ग्रोथ, एम्पावरिंग सस्टेनेबिलिटी, कनेक्टिंग ग्लोबली) विषय के साथ, यह समिट विभिन्न हितधारकों को एक मंच पर लाते हुए वैश्विक ऊर्जा संक्रमण में भारत की नेतृत्वकारी क्षमता को प्रदर्शित करेगा। यह बुनियादी ढाँचे के आधुनिकीकरण, नवीकरणीय क्षमता के विस्तार और ग्रिड विश्वसनीयता को मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगा।

## आलेख

# पूरी दुनिया में भारत की भद्द पिटी

हरिशंकर व्यास

भारत में शिक्षा की क्या स्थिति है और खास कर विज्ञान व प्रौद्योगिकी की शिक्षा में भारत कहां खड़ा है इसकी एक तस्वीर इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के एक्सपो में देखने को मिली। भारत सरकार के एनआईआरएफ यानी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क और निजी संस्थाओं की रैकिंग में बहुत ऊपर स्थान हासिल करने वाले गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने अपने एक्सपो में एक रोबोडॉग प्रस्तुत किया। यूनिवर्सिटी की एक प्रोफेसर ने मीडिया के सामने कहा कि इसका नाम ओरायन है और इसे यूनिवर्सिटी के सेंटर ऑफ एक्सलेंस में तैयार किया गया है। लेकिन चंद घंटों में पता चलह कि वह रोबोडॉग चीन का बना हुआ है, जो दो से ढाई लाख रुपए की कीमत में बाजार में उपलब्ध है। उसी यूनिवर्सिटी ने कोरिया का बना एक ड्रोन भी अपना बना कर एक्सपो में पेश किया। ऐसा नहीं है कि यह काम सिर्फ एक यूनिवर्सिटी ने किया। बाकियों की जांच पड़ताल नहीं हुई या गलगोटिया यूनिवर्सिटी का मामला पहले खुल गया तो बाकी सावधान हो गए। अन्यथा यही स्थिति सभी निजी विश्वविद्यालयों की है। किसी के पास अपना एक इनोवेशन, अपनी एक तकनीक, अपना एक उत्पाद दिखाने के लिए नहीं है। एआई समिट में गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने जो किया उससे पूरी दुनिया में भारत की भद्द पिटी। चीन की वेबसाइट्स पर भारत का मजाक बनाया गया। भारत में भी कुछ मीडिया और वैकल्पिक मीडिया में इसका मजाक बना। लेकिन जल्दी ही नैरेटिव बदलने का खेल शुरू हो गया। बड़े बिजनेस अखबारों में छपने लगा कि गलगोटिया यूनिवर्सिटी एआई के रिसर्च पर साढ़े तीन सौ करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। सोचें, साढ़े तीन सौ करोड़ रुपए की रिसर्च का नतीजा यह है कि चीन का रोबोडॉग खरीदने का जुगाड़ हुआ और एक्सपो में डिसप्ले कर दिया गया! सोचें, यह कितने शर्म की बात है कि, जो रोबोडॉग एक्सपो में दिखाय गया वह तकनीक का सबसे बेसिक मॉडल है। यह बैटरी और चाबी से चलने वाले बच्चों के खिलौने का विकसित रूप है। इस तरह के रोबोट दुनिया में कितने बरसों से बन रहे हैं, जो घरों में काम करते हैं। रेस्तरां में काम करने और भोजन आदि सर्व करने वाले रोबो वेटर कितने बरस पहले बन गए। अनमैन्ड ड्रोन कई तरह के काम कर रहे हैं। उसी तरह यह रोबोडॉग है, जो कुछ काम कर सकता है। दुर्गम इलाकों में जाकर तस्वीरें आदि खींच सकता है। यह सबसे बेसिक तकनीक है लेकिन देश की एक बड़ी निजी यूनिवर्सिटी, जिसकी ऊंची रैंकिंग है वहां के प्रोफेसर और छात्र उस तकनीक पर आधारित एक भी कोई प्रोडक्ट नहीं तैयार कर सके। भारत में खुले आम एआई का नाम लेकर कैसे लोगों को मूर्ख बनाया जाता है यह उसका एक उदाहरण है। पिछले दिनों इसी तरह की एक घटना उत्तर प्रदेश में हुई थी, जहां एक शिक्षक ने किसी दुकान पर लगने वाले पुतले को लाकर उसे साड़ी पहना दी और सोफी नाम देकर एआई शिक्षक के तौर पर प्रस्तुत कर दिया। दावा किया कि सिर्फ 25 हजार रू में एआई शिक्षक बना दिया। उसके अंदर एक स्मार्ट फोन लगा हुआ था, जो सिरी या एलेक्सा से संचालित होने वाला था। छात्र सवाल पूछते थे तो कथित शिक्षिका सोफी जवाब देती थी। इसे उसने एआई शिक्षक कह कर पेश कर दिया और जिला प्रशासन से लेकर मीडिया तक में उसका गुणगान होने लगा। मीडिया में तो इसे लार्ज लैंग्वेज मॉडल यानी एलएलएम की तरह पेश किया गया। लेकिन जल्दी ही पता चल गया कि यह एआई शिक्षक नहीं, बल्कि स्मार्ट फोन के ऑपरेटिंग सिस्टम से सवाल जवाब करके लोगों को मूर्ख बनाने की तकनीक है। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में युवक ने जो किया उसी को थोड़ा अलग और बड़े रूप में गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने वैश्विक मंच पर पेश किया। यही भारत की असल हकीकत है। लोगों को बस नया जुमला मिलना चाहिए। लोग उसका इस्तेमाल करके बेवकूफ बनाना शुरू कर देते हैं। भारत में तकनीकी शिक्षा की हकीकत समझनी है तो इन यूनिवर्सिटी के कामकाज को थोड़ी बारीकी से देखना होगा। गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने अकेले पिछले साल 13 सौ से ज्यादा पेटेंट के लिए अप्लाई किया। तीन निजी विश्वविद्यालयों ने एक एक हजार से ज्यादा पेटेंट अप्लाई किए थे।

# बिहार के बाद अब पश्चिम बंगाल की बारी

एस. सुनील

अब बिहार में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। 20 साल का नीतीश कुमार का राज समाप्त हो रहा है। यह संयोग भी है कि ये दोनों राज्य किसी समय बंगाल का हिस्सा रहे थे। इनके बाद अब बंगाल की बारी है। भारतीय जनता पार्टी कुछ इसी अंदाज में चुनाव की तैयारी कर रही है।

भारतीय जनता पार्टी ने बिहार का किला फतह कर लिया है। अब पश्चिम बंगाल की बारी है। ध्यान रहे उत्तर, पश्चिम और पूर्वी भारत के सिर्फ तीन बड़े राज्य ऐसे थे, जहां भारतीय जनता पार्टी का मुख्यमंत्री नहीं बन पाया था। 2024 में उनमें से एक राज्य ओडिशा में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की और उसका मुख्यमंत्री बना। भाजपा ने 25 साल का नवीन पटनायक का राज खत्म किया। उसके बाद अब बिहार में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। 20 साल का नीतीश कुमार का राज समाप्त हो रहा है। यह संयोग भी है कि ये दोनों राज्य किसी समय बंगाल का हिस्सा रहे थे। इनके बाद अब बंगाल की बारी है। भारतीय जनता पार्टी कुछ इसी अंदाज में चुनाव की तैयारी कर रही है। इतिहास में भी दिल्ली और देश पर उसी का राज मजबूत हुआ, जिसका बंगाल पर कब्जा था। दक्कन यानी दक्षिण भारत की लड़ाई उसके बाद लड़ी जाती है। हालांकि भाजपा एक साथ दक्षिण भारत की लड़ाई भी लड़ रही है।

बहरहाल, पश्चिम बंगाल की चुनावी लड़ाई आर-पार की सिर्फ इसलिए नहीं है कि वहां भाजपा को अपनी सरकार बनानी है या अपना मुख्यमंत्री बनाना है। यह कई दूसरे कारणों से आर-पार की लड़ाई है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा और बंगाली हिंदुओं की सुरक्षा से जुड़ा चुनाव है। ध्यान रहे हर चुनाव के साथ सुरक्षा की चिंता गहराती जाती है। पांच साल पहले जो चुनाव हुआ वह भी राष्ट्रीय सुरक्षा और बंगाली हिंदुओं की सुरक्षा से जुड़ा था। तभी भाजपा के पक्ष में व्यापक हिंदू ध्रुवीकरण हुआ था। भाजपा को 40 फीसदी से कुछ कम वोट मिले थे। लेकिन चुनाव नतीजों के बाद जो हुआ उसने चिंता को कई गुना बढ़ा दिया। दो मई 2021 को आए नतीजों के बाद राज्य के कई हिस्सों में बड़ी हिंसा हुई। भाजपा का समर्थन करने वाले हिंदुओं की पहचान पहले से की गई थी। नतीजों के बाद उनके घरों पर हमले हुए। उनको मारा गया। सैकड़ों हत्याएं हुईं, जिसे नस्ली सफाए की कोशिश कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी।

इस बार के चुनाव पर उस डर का साया साफ दिख रहा है। बंगाल के लोगों को इस डर से बाहर निकलना होगा। भारतीय जनता पार्टी को यह भरोसा दिलाना होगा कि वह आम लोगों के साथ खड़ी है। सुरक्षा बलों की तैनाती अपनी जगह है। लेकिन वह स्थायी समाधान नहीं है क्योंकि केंद्रीय बलों की तैनाती अनंतकाल तक नहीं हो सकती है। तृणमूल कांग्रेस के राज और उसमें एक समुदाय की ओर से होने वाले अत्याचार से त्रस्त लोगों को अगर यह भरोसा नहीं हुआ कि भाजपा जीतेगी और उसके बाद जमीनी हालात बदलेंगे, तब तक वह हिम्मत के साथ मतदान के लिए नहीं निकलेगा। उसके मनोविज्ञान में पिछली बार के चुनाव के बाद हुई हिंसा की तस्वीरें बैठी हुई हैं। इसलिए वह डरा हुआ है लेकिन यह भी चाहता है कि किसी तरह के बदलाव हो। यह पहला मौका है, जब बांग्लाभाषी हिंदू वास्तव में इस बात की चिंता कर रहा है कि अगर तृणमूल कांग्रेस की सत्ता में वापसी हुई तो उसका क्या होगा! इसलिए वे सत्ता परिवर्तन चाहते हैं लेकिन उससे पहले उनको हौसला और संबल चाहिए।


इस बार का विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए अपने साथ साथ परिवार और पार्टी का अस्तित्व बचाने वाला चुनाव बन गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पता है कि अगर उनकी पार्टी चुनाव हारी तो उसका हस्र भी वैसा ही होगा, जैसा वामपंथी मोर्चे की जीत के बाद कांग्रेस का हुआ था और तृणमूल की जीत के बाद वाम मोर्चे की पार्टियों का हुआ था। एक बार चुनाव हार कर सत्ता से बाहर होने के बाद कोई साथ नहीं देगा। तभी वे भी आर-पार की लड़ाई की तैयारी में हैं। उनकी तैयारी में एक बड़ी बाधा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर से पैदा हो रही है। चुनाव आयोग ने राज्य सरकार के सारे दांव फेल कर दिए हैं। गौरतलब है कि बिहार में एसआईआर शुरू होने के बाद पश्चिम बंगाल की सरकार ने बड़े पैमाने पर लोगों को ऐसे प्रमाणपत्र उपलब्ध कराए, जो एसआईआऱ की प्रक्रिया में मददगार बने। तभी एसआईआऱ के पहले चरण के बाद बंगाल में 58 लाख ही नाम कटे, जबकि बिहार में 69 लाख नाम कटे थे।

एसआईआऱ के दूसरे चरण के बाद यानी तमाम अदालती हस्तक्षेप के बाद जो अंतिम मतदाता सूची सामने आई उसमें भी 60 लाख नाम विचाराधीन कर दिए गए। इन मतदाताओं के दस्तावेजों की जांच का जिम्मा अब न्यायिक अधिकारियों के हाथ में है। पिछले एक हफ्ते में इन 60 लाख मतदाताओं में से सिर्फ 10 फीसदी यानी छह लाख मतदाताओं के दस्तावेजों की जांच हो पाई है। ध्यान रहे अगले एक हफ्ते में पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा होने वाली है। सोमवार और मंगलवार को चुनाव आयोग की टीम बंगाल में रहेगी और लौटने के बाद अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देकर चुनाव की घोषणा कर दी जाएगी। जाहिर है इतने कम समय में सभी 60 लाख नामों की जांच नहीं हो पाएगी। इस बीच राज्य की विपक्षी पार्टियों, जिसमें वाममोर्चा और कांग्रेस मुख्य हैं, ने यह मांग शुरू कर दी है कि जब तक सारे नामों की जांच नहीं हो जाती है तब तक चुनाव की घोषणा नहीं होनी चाहिए।

# युद्ध के बावजूद ईरान की हवा साफ मगर दिल्ली में खतरनाक


अशोक कुमार

11 मार्च 2026 को भारतीय समयानुसार शाम चार बजे वायु गुणवत्ता मंच एक्यूआई डाट इन के आंकड़ों के अनुसार तेहरान का एक्यूआई लगभग 33 दर्ज किया गया, जबकि उसी समय दिल्ली का एक्यूआई 63 था। दिन के दौरान भी स्थिति इसी तरह रही। पश्चिम एशिया इस समय युद्ध की आग में झुलस रहा है। लेबनान, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और इजराइल के कई इलाकों में मिसाइल हमले और बमबारी जारी हैं। कई शहरों के ऊपर तेल और धुएं के काले गुबार उठते दिखाई दे रहे हैं। इसके बावजूद एक चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि इन युद्ध प्रभावित इलाकों की हवा भारत के कई प्रमुख शहरों से कहीं ज्यादा साफ है। वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई के आंकड़े बताते हैं कि युद्ध क्षेत्र में भी हवा का स्तर दिल्ली और मुंबई जैसे भारतीय महानगरों से बेहतर बना हुआ है।11 मार्च 2026 को भारतीय समयानुसार शाम चार बजे वायु गुणवत्ता मंच एक्यूआई डाट इन के आंकड़ों के अनुसार तेहरान का एक्यूआई लगभग 33 दर्ज किया गया, जबकि उसी समय दिल्ली का एक्यूआई 63 था। दिन के दौरान भी स्थिति इसी तरह रही। दोपहर बारह बजे तेहरान का अधिकतम एक्यूआई 47 रहा, जो अच्छे स्तर में आता है। इसके विपरीत दिल्ली में सुबह आठ बजे एक्यूआई 323 तक पहुंच गया, जो अत्यंत खराब श्रेणी में आता है। यह स्थिति तब है जब तेहरान और आसपास के क्षेत्रों में तेल भंडार और ऊर्जा ढांचे पर हमलों के कारण धुएं और जहरीली गैसों की आशंका बनी हुई है। सोशल मीडिया पर आठ मार्च की रात तेहरान के ऊपर काले धुएं के घने बादल दिखने के दृश्य सामने आए थे। यहां तक कि कुछ इलाकों में काली वर्षा की भी खबरें आईं, जो तेल भंडार में लगी आग और रासायनिक धुएं का परिणाम मानी जा रही हैं। लोगों ने गले में जलन और आंखों में खुजली की शिकायत की, और प्रशासन ने नागरिकों को घर के भीतर रहने की सलाह दी। इसके बावजूद वास्तविक समय के आंकड़े बताते हैं कि तेहरान में एक्यूआई अधिकतर समय शून्य से पचास के बीच यानी स्वस्थ श्रेणी में बना रहा। यह तथ्य भारतीय शहरों की वायु गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करता है क्योंकि भारत के कई महानगरों में वायु प्रदूषण लगातार खराब, बहुत खराब या गंभीर श्रेणी में रहता है। विशेषज्ञों के अनुसार भारत में प्रदूषण की समस्या मुख्य रूप से स्थानीय कारणों से पैदा होती है। सबसे बड़ा कारण वाहनों से



निकलने वाला धुआं है। तेजी से बढ़ती निजी गाड़ियों की संख्या नाइट्रोजन ऑक्साइड और सूक्ष्म कणों को बढ़ाती है। यही वजह है कि दिल्ली के साथ-साथ बेंगलुरु, हैदराबाद और लखनऊ जैसे शहर भी समय समय पर खराब हवा से जूझते रहते हैं। इसके अलावा निर्माण कार्य से उठने वाली धूल, उद्योगों और बिजली संयंत्रों से निकलने वाले धुएं तथा ईंट भट्ठों से उत्सर्जित गैसें भी प्रदूषण को बढ़ाती हैं। डीजल जनरेटर से निकलने वाला धुआं और सड़कों की धूल इस समस्या को और गंभीर बनाते हैं। ग्रामीण इलाकों में खाना पकाने के लिए लकड़ी, गोबर और जैव ईंधन जलाने से भी हवा में प्रदूषण बढ़ता है। उत्तर भारत में एक और महत्वपूर्ण कारण खेतों में पराली जलाना है। पड़ोसी राज्यों में पराली जलने से धुआं बड़ी मात्रा में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तक पहुंचता है और सर्दियों में प्रदूषण की स्थिति बेहद खराब कर देता है। भौगोलिक स्थिति भी दिल्ली में प्रदूषण बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाती है। दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एक तरह के निचले बेसिन में स्थित है। इसके उत्तर में हिमालय, दक्षिण पश्चिम में अरावली पर्वतमाला और दक्षिण में प्रायद्वीपीय पठार हैं। इस कारण प्रदूषक तत्व यहां फंस जाते हैं और आसानी से बाहर नहीं निकल पाते। साथ ही उत्तर पश्चिम से बलूचिस्तान और थार मरुस्थल की ओर से आने वाली धूल भी प्रदूषण को बढ़ाती है। इसके विपरीत तेहरान, तेल अवीव, बेरूत और दुबई जैसे कई पश्चिम एशियाई शहर समुद्र के नजदीक स्थित हैं या ऐसे क्षेत्रों में हैं जहां हवाएं प्रदूषकों को तेजी से फैलाकर साफकर देती हैं। समुद्र के किनारे होने के कारण हवा का प्रवाह बेहतर रहता है और प्रदूषण का जमाव कम होता है। वहीं मुंबई समुद्र किनारे होने के बावजूद प्रदूषण से जूझता है। विशेषज्ञों के अनुसार इसका मुख्य कारण स्थानीय स्रोत हैं, खासकर वाहनों की अत्यधिक संख्या। मुंबई में वाहनों का घनत्व कई शहरों की तुलना में कई गुना ज्यादा है, इसलिए यहां प्रदूषण का स्तर भी ऊंचा बना रहता है। इसके अलावा, युद्ध से होने वाला प्रदूषण भी एक अलग प्रकृति का होता है। बमबारी या आग लगने से भारी मात्रा में धुआं और जहरीली गैसें निकलती हैं, लेकिन यह प्रदूषण अक्सर अस्थायी होता है। जब आग बुझ जाती है या घटना समाप्त हो जाती है तो उस स्रोत से निकलने वाला प्रदूषण भी रुक जाता है। इसके विपरीत वाहनों, उद्योगों और निर्माण कार्य से निकलने वाला धुआं लगातार हवा में जाता रहता है, जिससे लंबे समय तक प्रदूषण बना रहता है। हम आपको यह भी बता दें कि दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हाल के दिनों में दिखाई दी गई स्मॉग को लेकर भी कई तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं।

# कलश के आकार में विश्व का पहला जैन मंदिर, भांडगांव के भक्तामर कलश तीर्थ को यू-एन बुक का प्रमाणपत्र



**औरंगाबाद।** दौंड तहसील के भांडगांव स्थित भक्तामर कलश तीर्थ मंदिर को हाल ही में यू-एन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, लंदन में दर्ज किया गया है। इस संबंध में प्रमाणपत्र शनिवार (दि. 14) को 1008 आदिजिन पंचमेरु मानस्तंभ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर मंदिर प्रशासन को प्रदान किया गया। यह मंदिर कलशाकार रचना वाला विश्व का पहला जैन मंदिर है।

भांडगांव का भक्तामर कलश तीर्थ मंदिर पवित्र अष्टमंगल (आठ शुभ चिन्ह) की आध्यात्मिक अवधारणा पर आधारित है। मंदिर की वास्तु रचना अत्यंत आकर्षक है। लगभग 70 से 80 फुट व्यास और 45 से 50 फुट ऊंचाई वाले इस मंदिर के निर्माण में सफेद पत्थर और संगमरमर का उपयोग किया गया है। मंदिर का कुल क्षेत्रफल लगभग 20 से 25 हजार वर्गफुट है।

मंदिर में भगवान मुनिसुव्रतनाथ (20वें तीर्थंकर) की प्रतिमा प्रतिष्ठित की गई है। भक्तामर स्तोत्र पर आधारित यह मंदिर भक्ति, संस्कृति और स्थापत्य परंपरा का अद्वितीय प्रतीक है।

इन सभी विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए यू-एन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में इसका पंजीकरण कर मंदिर को गौरव प्रदान किया गया है। यह मंदिर आध्यात्मिक मार्गदर्शन में निर्मित हुआ है और जैन धर्म की पवित्र परंपरा, भक्ति तथा स्थापत्य कला का उत्कृष्ट उदाहरण माना जाएगा। यह उपलब्धि भारतीय आध्यात्मिक परंपरा और स्थापत्य कला के गौरव का प्रतीक है, ऐसा इस अवसर पर बताया गया।

वैश्विक प्रमाणपत्र पर अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अविनाश सकुंदे और अंतरराष्ट्रीय समन्वयक प्रो. बुहारी इसाह के हस्ताक्षर हैं।

यह जानकारी प्रचार-प्रसार संयोजक नरेंद्र अजमेरा और पियुष कासलीवाल, औरंगाबाद द्वारा दी गई।

# चैत्र शुक्ल प्रतिपदा अर्थात नव सवंत्सरः युगादि दिवस

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नूतन वर्षारम्भ अर्थात नवीन वर्ष का प्रारम्भ जिसे जीवन में नवीन ऊर्जा के संचार के रूप में देखा जाता है। नूतनता के साथ जीवन में कुछ नए का प्रारंभ हो ऐसी मानसिकता के साथ हम सब नव वर्ष मनाते आ रहे हैं विभिन्न धर्म में अलग-अलग नव वर्ष मनाने की परंपरा कालानुक्रमिक काल गणना के चक्र पर आधारित है। ग्रेगोरियन कैलेंडर जिसे ईसाई कलेंडर या अंग्रेजी कलेंडर भी कहा जाता है विश्व मे सर्वाधिक प्रचलित व माना जाने वाला है। जैन समुदाय में वीर निर्वाण सम्वत दीपावली से प्रारम्भ माना जाता है। मुस्लिम समुदाय हिजरी सम्वत जो मुहर्रम से प्रारम्भ होता है। अन्य अन्य समुदाय के अलग अलग कलेंडर प्रचलित हैं जिसके आधार पर नव वर्ष या नव सम्वत का पर्व मनाया जाता है।

वास्तविक रूप से सौर और चन्द्र दो प्रकार की गणनाएं मानी जाती है। सौर गणना सूर्य की



स्थिति (365 दिन) पर आधारित है, जो ऋतुओं को निर्धारित करती है, जबकि चंद्र गणना चंद्रमा के चरणों (लगभग 354 दिन) पर आधारित है, जो तिथियों को तय करती है। भारतीय पंचांग इन दोनों का समन्वय है, जिसमें सौर वर्ष के साथ 12-13 चंद्र मास चलते हैं। चंद्र वर्ष सौर वर्ष से लगभग 11 दिन छोटा होता है। वर्ष के इस अंतर को पाटने के लिए प्रत्येक तीन वर्ष पश्चात एक अधिक मास आता है।उसी प्रकार सौर गणना में चौथाई दिन की पूर्ति हेतु हर चार वर्ष में लीप वर्ष जिसमे एक दिन की वृद्धि फरवरी माह में 29 तारीख के रूप में होती है।

सनातन संस्कृति में भगवान ब्रह्मा जी द्वारा चैत्र कृष्ण प्रतिपदा के दिन ही युग का आरंभ माना जाता है इसीलिए इसे युगादि दिवस के रूप में भी मनाते हैं।वसंत ऋतु का आरंभ वर्ष प्रतिपदा से ही होता है जो उल्लास, उमंग, खुशी तथा चारों तरफ पुष्पों की सुगंधि से भरी होती है।हिंदू नव वर्ष का महत्व और कारण बहुत गहरा है। हिंदू नव वर्ष को चैत्र नवरात्रि या गुड़ी पड़वा के नाम से भी जाना जाता है। यह दिन हिंदू कैलेंडर के अनुसार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को मनाया जाता है।

फसल पकने का प्रारंभ यानि किसान की मेहनत का फल मिलने का भी यही समय होता है। नक्षत्र शुभ स्थिति में होते हैं अर्थात् किसी भी कार्य को प्रारंभ करने के लिये यह शुभ मुहूर्त होता है।

## भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2026

# शादी में दहेज की मांग, कॉकटेल काउंटर व सड़क पर नाच-गाना पर रोक लगाने का दिया संदेश

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2026 रायपुर नगर में भव्य रूप से मनाया जा रहा है। भगवान महावीर स्वामी का संदेश देने 12 मार्च से महोत्सव का आयोजन किया गया है, जो महावीर जयंती यानी 31 मार्च तक चलेगा। महोत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रेश शाह, महासचिव गोल्डी लूनिया, कोषाध्यक्ष विकास सेठिया, कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत बैद और सचिव आनंद जेन ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की भव्य श्रृंखला जारी है। महोत्सव समिति, समता युवा संघ और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से महोत्सव में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर आस्था के साथ सेवा कार्य कर रहे हैं।



इसी क्रम में बुधवार को डीडी नगर में प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें बच्चों और महिलाओं ने भगवान महावीर का संदेश देते हुए, लोगों से अपील की, कि वे शादियों में दहेज की मांग न करें, सड़क पर नाच-गाना न करें। साथ ही शादी में सादगीपूर्ण निमंत्रण, संगीत संध्या का आयोजन नहीं करने, भोजन के दौरान 31 से ज्यादा खाद्य पदार्थों का उपयोग नहीं करने, महिला वेटर को नहीं बुलाने, नॉनवेज नहीं खाना, पशु-पक्षियों के आकार में सलाद नहीं काटने, शादी में पटाखों का उपयोग न करने का संदेश दिया गया।

**15 दिवसीय रक्तदान शिविरः डीडी नगर जैन मंदिर में 21 ने किया रक्तदान**

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2026 में सेवाकार्य अंतर्गत 16 से 30 मार्च तक 15 दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में डीडी नगर के श्री 1008 वासुपूज्य जैन मंदिर में बुधवार को 21 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं ने बताया कि हमारा रक्त किसी जरूरतमंद का जीवन संवार सकता है, इससे बड़ा दान कुछ नहीं हो सकता है। साथ ही उन्होंने सभी से रक्तदान करने का आग्रह किया।

**डीडी नगर में निकली प्रभात फेरी, भगवान महावीर स्वामी के संदेश जन-जन तक पहुंचाया**

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2026 के अंतर्गत राजधानी के विभिन्न जैन मंदिरों से 15 दिनों तक प्रभात फेरी निकाली जाएगी। भगवान महावीर जयंती तक हर दिन यह आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को सुंदर नगर और डीडी नगर क्षेत्र में श्री जगन्नाथ मंदिर के पास से 1008 श्री वासुपूज्य जैन मंदिर तक प्रभात फेरी निकाली गई। इकाई के अध्यक्ष नरेश जैन ने बताया कि प्रभात फेरी के दौरान पुरूष सफेद और महिलाएं केसरिया रंग के वस्त्रों में शामिल हुई। प्रभात फेरी के दौरान भगवान महावीर का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया।

11 प्रतिभाशाली व्यक्तित्वों का होगा

# राजा मोरध्वज की आराध्य देवी थी, रीवा की माता चंडिका नवरात्र में जलेंगे सैकड़ों मनोकामना ज्योति दीप

**आरंग ( विश्व परिवार )।** राजधानी रायपुर से 28 किलोमीटर दूर वीर अहीर लोरिक के नाम से विख्यात ग्राम हैं गढ़ रीवा। यहां विराजमान हैं आदिशक्ति माता चंडिका। जहां वर्ष भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। मंदिर समिति के सदस्यगण बताते हैं कि इस मंदिर का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है।लोक मान्यतानुसार महादानी राजा मोरध्वज स्वयं यहां पहुंचकर मां चंडिका की पूजा आराधना करते थे। आरंग के राजा महर के शासनकाल में भी लोरिक वीर अहीर की आराध्य देवी के रूप में भी यह मंदिर चर्चित रहा। मंदिर के पुजारी मोहन भारती बताते हैं कि पंचमूर्ति मां चंडी की प्रतिमा एक विशाल शिला पर निर्मित है। इसमें भक्त लंगूरे, मां चंडिका, मां आदिशक्ति, मां महामाया और




काल भैरव विराजमान हैं। यही कारण है कि इस मंदिर को पंचमूर्ति चंडिका सिद्धपीठ के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर से लगा 75 एकड़ का विशाल तालाब है जिसे बंधुआ तालाब कहा जाता है।

इस तालाब का जल सफेद दाग के निवारण के लिए प्रख्यात है। चर्म संबंधी रोग से ग्रसित लोग यहां सात रविवार तक स्नान कर मां चंडिका का आशीर्वाद लेते हैं। जिससे उनके शरीर से चर्म संबंधी रोग का निवारण हो जाता हैं। दोनों ही

नवरात्र में यहां सैकड़ों मनोकामना ज्योति प्रज्वलित होती है। इस नवरात्रि में यहां पांच दिवसीय भक्तमाल सियाराम कथा का आयोजन भी किया जा रहा है।जिसे लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह है।

# मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया

**कुण्डलपुर दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में जैनधर्म के 14वें तीर्थंकर भगवान श्री अनंतनाथ जी का ज्ञान व मोक्ष कल्याणक महोत्सव एवं 18 वें तीर्थंकर भगवान श्री अरनाथ जी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया ।

इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, ऋद्धि कलश,पूजन, विधान हुआ । अत्यंत भक्ति भावपूर्वक निर्वाण कांड पाठ के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। प्रचार मंत्री जयकुमार जैन जलज ने बताया कि इस अवसर पर प्रथम अभिषेक, शांतिधारा, रिद्धि कलश ,निर्वाण लाडू अर्पित करने का सौभाग्य बाहुबली करप्पा पाटिल मुकांति त्रिगोडोली तालोक कितूर



कर्नाटक, पं. बाबूलाल अनुज सोना देवी संजीव आर्जव डॉ. अशोक डॉ. विनोद जैन अनुज परिवार बंडाबेलई, स्व. रमेश चंद स्मृति में सुरेशचंद्र रवि राजश्री विकास जैन परिवार फिरोजाबाद ,पन्नालाल मुन्नालाल जैन बघरा परिवार जबलपुर, अनिकेत वीना रिद्धि जयकुमार जैन दिल्ली, भागचंद नीतेश निकलेश श्रुति शालिनी जैन गढ़ाकोटा, अशोक सेठी कैलाश पहाड़े हैदराबाद ,तनिष्का जितेंद्र शैलेंद्र अभिनव सुलोचना रीना मुरैना, दिलीप यश समर्पित युवराज जैन अशोकनगर, वीरेंद्र राजीव संजीव प्रवीण बड़कुल ईसागढ़ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने सौभाग्य प्राप्त किया। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती हुई।

# गोंड समाज जिलाध्यक्ष नीलकंठ गढ़े की दी गई श्रद्धांजलि

**धमधा ( विश्व परिवार )।** केन्द्रीय गोंड महासभा, धमधागढ़, के अधीन जिला राजनांदगांव गोंड समाज के जिला अध्यक्ष नीलकंठ गढ़े के आकस्मिक निधन होने से महासभा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है। पिछले अनेको वर्षो से राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष के रूप में कुशल नेतृत्वकर्ता रहें है। उनकी कमी सदैव समाज को खलती रहेगी परन्तु प्रकृति के समक्ष हम सब नतमस्तक है। प्रकृति में समावेश उपरांत अब पेनवासी नीलकंठ गढें सदैव सबके स्मृति पटल पर छाये रहेंगे। वैसे उनके स्थान का भरपाया करना आसान नहीं है। आगामी समय में गोड महासभा के कार्यों को गति प्रदान करनें के लिए समाज के सबसे वरिष्ठ सदस्य एवं गोंडवाना सांस्कृति भवन निर्माण के पुरोधा डॉ.आर.एन. नेताम जी मो0 84618-35476 को आजीवन संरक्षक की जिम्मेदारी एवं श्री सुरेन्द्र मण्डावी, रेवाडीह जिला-राजनांदगांव निवासी मो0 90855-33398 को आगामी आदेश पर्यन्त नवीन गठन होने तक जिला-राजनांदगांव का कार्यवाहक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी जाती है।

# छत्तीसगढ़ में भारतीय जैन संघटना का राज्य अधिवेशन 22 मार्च को आयोजित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जैन संघटना (BJS) के तत्वावधान में राज्य अधिवेशन श्रृंखला का आठवां भव्य आयोजन आगामी 22 मार्च 2026, रविवार को रायपुर में आयोजित किया जाएगा। यह अधिवेशन सुबह 9ः30 बजे से शाम 6ः30 बजे तक विमतारा (VimtAra) भवन शांति नगर, इंद्रावती कॉलोनी, रायपुर में संपन्न होगा। आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए राज्य अध्यक्ष विजय गंगवाल एवं राज्य महासचिव सी.ए. विकास गोलछा ने बताया कि अधिवेशन का उद्देश्य जैन समाज में एकता, संगठन और सामाजिक गतिविधियों को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर समाज के विभिन्न विषयों पर चर्चा, मार्गदर्शन एवं आगामी योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पदाधिकारी, समाज के प्रमुख गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहेंगे। अधिवेशन में समाजहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श कर ठोस निर्णय लिए जाएंगे। आयोजकों ने जैन समाज के सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# पावागिरि में भक्तामर महामंडल विधान के साथ अखण्ड पाठ का शुभारम्भ

- भगवान अनंतनाथ स्वामी एवं अरनाथ स्वामी का मनाया मोक्ष कल्याणक

**ललितपुर।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पावागिरि सहित तालबेहट के दोनों जैन मंदिरों में जैन धर्म के 14 वें तीर्थंकर भगवान अनंतनाथ स्वामी एवं 18 वें तीर्थंकर भगवान अरनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक महा महोत्सव निर्वाण लाडू चढ़ाकर मनाया गया। सुबह नित्यमय अभिषेक शांतिधारा पूजन विधान का आयोजन किया। सिद्ध क्षेत्र पावागिरि में भक्तामर महामंडल विधान के साथ अखण्ड पाठ का शुभारम्भ किया गया। रात्रि मैं 48 दीपक प्रज्वलित कर महाआरती का आयोजन किया। जिसमें क्षेत्र प्रबंध समिति के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, मंत्री जयकुमार जैन, कोषाध्यक्ष उत्तममचंद जैन, उपाध्यक्ष विशाल



जैन पवा, संयुक्त मंत्री विकास भंडारी, गुलाब राजकुमार जैन, सोनाली विकास जैन, पल्लवी रवि जैन देवेन्द्रनगर, सुभाषचन्द्र सरोज जैन, सौरभ सपना जैन, स्वप्निल हर्षिता जैन, हर्ष जैन विदिशा आदि का सक्रिय सहयोग रहा। संचालन पं. विनोद जैन शास्त्री बबीना ने किया। आभार व्यक्त आनंद जैन पवा ने किया।

वहीं कसबे के पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में बुंदेलखंड के प्रथम गणाचार्य विराग सागर महाराज की परम् प्रभावी शिष्या भारत गौरव परम् पूज्यनीय 105 विविक्त श्री माताजी, विप्रा श्री माता जी, वियोजना श्री माता जी, विशुद्रण श्री माताजी के ससंघ मंगलमय सानिध्य में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किये गये। एवं वासुपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर में भारतीय जैन मिलन बहुमण्डल एवं वासुपूज्य जिनालाय शाखा के संयुक्त तत्वाधान में णमोकार महामंत्र का पाठ एवं भक्तामर पाठ के साथ 48 दीप प्रज्वलित कर महाआरती का आयोजन किया। जिसमें सकल दिगम्बर जैन समाज का सक्रिय सहयोग रहा।

# जीवन की सार्थकता समझो और अपनी शक्ति पहिचानो - मुनि सुधासागर

**ललितपुर।** श्री अभिनंदनोदय तीर्थ क्षेत्र क्षेत्रपाल मंदिर ललितपुर में धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए तीर्थ चकवर्ती श्रमण मुनि सुधासागर महाराज ने कहा हमें ऐसा करना है कि दुनिया के काम आए धर्म के काम आए और हम भगवान के चरणों में देने योग्य बने जिससे सदैव देता रहूँ। कभी ऐसी नौवत न आए कि मुझे दुनिया की तो छोडो बाप की भी वसियत न लेना पडे। मुनि श्री ने कहा हम दुनिया की शक्ति समझते हैं अपनी नहीं। जीवन में वह कार्य नहीं करना जिसको करने से डर लगे जिसको धर्म और गुरु रोकते हैं। माता-पिता का अभिशाप कभी नहीं लेना।



मुनि श्री ने कहा धर्म ही जीवन में श्रेष्ठ है इसको समझो और अपने जीवन में उतारो यह नर जन्म मिला है जिसको सार्थक करो इसी में कल्याण है। मुनि श्री ने कहा धर्म ही एक ऐसा सहारा है जहां व्यक्ति को अच्छे बुरे का ज्ञान रहता है और पापों से बचकर अपना कल्याण कर लेता है। मुनि श्री द्वारा इन दिनों जीवन को श्रेष्ठ कर्मों के माध्यम से आनंदपूर्वक व्यतीत करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

धर्म सभा को शुभारम्भ में मुनि श्री सुधासागर महाराज का पादप्रक्षालन समाजश्रेष्ठी विनोद कुमार देवेन्द्र कुमार कामरा परिवार द्वारा किया गया। जबकि आचार्य श्री के चित्र का अनावरण जैन पंचायत के पदाधिकारियों एवं श्रेष्ठीजनों ने किया। महिला मण्डल द्वारा संगीतमय मुनि श्री की पूजन हुई जिसमें भक्तिपूर्वक अर्ध समर्पित किए गए। धर्मसभा का संचालन महामंत्री आकाश जैन एवी गैस द्वारा किया गया।

इसके पूर्व आज प्रातःकाल महावीरपुरा निवासी रजतमयी चौबीसी और अभिनंदननाथ भगवान की विशाल रजतमयी प्रतिमा विराजमान करने के पुर्ण्यजक विनोदकुमार देवेन्द्र कुमार सुनील कामरा परिवार के आवास से चौबीस तीर्थंकर भगवानों के विराजमान हेतु गोल्डस पालिशड सिंहासन छत्र भामंण्डल सहित की भव्य शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ अभिनंदनोदय तीर्थ पहुंची।

# भगवान के माता-पिता का तिलकोत्सव गोद भराई एवं प्रमुख पात्रों का चयन

**घुवारा ( विश्व परिवार ) ।** चर्या शिरोमणि पट्टाचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ मंगल सानिध्य में धर्मानगरी घुवारा में 22 से 27 मार्च 2026 तक आयोजित होने जा रहे श्री मज्जिनेन्द पंचकल्याणक के माता-पिता महाराजा नाभी राय (सेठ सुखानंद) महारानी मरु देवी (भगवती सेठ) एवं प्रमुख पात्रों का सम्मान समारोह सकल दिगंबर जैन समाज घुवारा की उपस्थिति में मस्ताई प्रमोद कुमार जैन के सौजन्य से मेन मार्केट निज निबास पर शहनाई ढोल नगाड़े बाग्घी गाजे बाजे धूमधाम के साथ खुली मंच पर भव्य संपन्न हुआ ।

आयोजन के क्षणों में उपस्थित धर्मावलंबियों में जहां जैन समाज भाव विभोर होकर भक्ति में सराबोर हो रहे थे वही जैनत्तर धर्मावलंबी भगवान के माता-पिता सहित सौधर्म इंद्र, कुबेर आदि प्रमुख पात्रों को बग्घी पर अरुण आगमन देख कर एवं गोद भराई



के भावुक दृश्यों को देख कर आनंदित हो रहे थे । पूरा वातावरण धार्मिक प्रतीत हो रहा था आयोजन पश्चात सभी धर्मावलंबियों का स्वल्पाहार एवं आथित्य सत्कार किया गया ।

**बड़ा मलहरा में गोद भराई** - सकल जैन समाज बड़ा मलहरा की उपस्थिति में श्रीमती जमुना देवी, संतोष सिघई, उत्तम सिघई, सिद्धार्थ, प्रतिष्ठाचार्य शुभम जी के निवास पर गोद भराई देर रात तक आयोजन संपन्न हुआ ।

**भरत सेठ, पत्रकार घुवारा**

## संक्षिप्त समाचार

### करंट बना काल: रोज़ी-रोटी की तलाश में गया मिस्त्री मौत की चपेट में



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** जिले से एक बेहद दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है, जहां रोज़गार की तलाश में गांव पहुंचे एक मिस्त्री की हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना ग्राम घुटकू नवापारा में बुधवार सुबह लगभग 10 बजे की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक छुरा क्षेत्र के ग्राम पिपरहट्टा का निवासी था और मिस्त्री का काम करने के लिए घुटकू नवापारा आया हुआ था। काम के दौरान अचानक वह हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए 108 एम्बुलेंस के जरिए उसे जिला अस्पताल गरियाबंद पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया, लेकिन उसकी हालत बेहद गंभीर बनी रही। चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे रायपुर रेफर करने की तैयारी की, लेकिन जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे युवक ने अस्पताल में ही दम तोड़ दिया। मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। प्रशासन ने मामले की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है। वहीं, यह हादसा एक बार फिर कार्यस्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है।

### गरियाबंद पुलिस विभाग में तबादला आदेश जारी, कई आरक्षकों का हुआ स्थानांतरण

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय गरियाबंद द्वारा 18 मार्च 2026 को प्रशासनिक आधार पर तबादला आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के तहत जिले में पदस्थ कई प्रधान आरक्षक और आरक्षकों को आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से नई पदस्थापना दी गई है। आदेश के अनुसार मुकेश टोप्पो, कुमार ध्रुव, कविंद्र कुमार सिन्हा, चुमेश्वर ध्रुव, विरेन्द्र कुमार पटेल, अनिल कुमार पांडे और कोमल प्रसाद सहित अन्य कर्मचारियों के कार्यस्थल में बदलाव किया गया है। इन्हें थाना पाण्डुका, मैनपुर, शोभा, पीपरछेड़ी, बिन्द्रानवागढ़ चौकी तथा यातायात शाखा में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे तत्काल प्रभाव से अपने नवीन पदस्थापना स्थल पर आमद दें। आदेश की प्रति पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज सहित जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को भेज दी गई है। इस प्रशासनिक फेरबदल को पुलिस व्यवस्था को और बेहतर एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया गया है।

### बस्तर में साक्षरता का महापर्व : 22 मार्च को उल्लास महापरीक्षा में अपना हुनर दिखाएंगे नव-साक्षर

**जगदलपुर/** बस्तर जिले में शिक्षा और ज्ञान की अलख जगाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी कर ली है। इसी कड़ी में रविवार 22 मार्च को जिले भर में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत महापरीक्षा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस महत्वपूर्ण अवसर को लेकर कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने जिले के जन-जन से जुड़ने और इस अभियान को सफल बनाने की पुरजोर अपील की है। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा उन बुजुर्गों और युवाओं के लिए स्वावलंबन की एक नई शुरुआत है, जो किसी कारणवश अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी नहीं कर पाए थे। कलेक्टर श्री छिकारा ने जिले के सभी विकासखंडों और ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय साक्षरता केंद्रों के माध्यम से अधिक से अधिक नव-साक्षरों को इस महापरीक्षा में शामिल करने पर जोर दिया है। उन्होंने मैदानी स्तर पर कार्यरत शिक्षकों, प्रेरकों और स्वयंसेवकों को निर्देशित किया है कि वे घर-घर जाकर परीक्षा के प्रति उत्साह का माहौल बनाएं, ताकि कोई भी नव-साक्षर इस अवसर से वंचित न रह जाए। कलेक्टर का मानना है कि जब जिले का हर नागरिक पढ़ना-लिखना और बुनियादी गणना करना सीख जाएगा, तभी बस्तर विकास की मुख्यधारा में मजबूती से खड़ा हो सकेगा। इस महापरीक्षा की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। परीक्षा केंद्रों का निर्धारण इस प्रकार किया गया है कि सुदूर वनांचलों में रहने वाले प्रतिभागियों को भी परीक्षा देने में कोई असुविधा न हो। आगामी 22 मार्च को होने वाले इस मूल्यांकन में प्रतिभागियों की पढ़ने, लिखने और साधारण अंकगणित की क्षमता को परखा जाएगा, जिसके बाद सफल उम्मीदवारों को बुनियादी साक्षरता का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

# जगदलपुर नगर निगम में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में जमकर हंगामा, नेता प्रतिपक्ष और महापौर में तीखी बहस

### नेता प्रतिपक्ष ने एक समाज को भूमि आबंटन पर आपत्ति जताते हुए, भ्रष्टाचार का लगाया आरोप



**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** बस्तर संभाग मुख्याल जगदलपुर में आयोजित नगर निगम की सामान्य सभा हंगामेदार रहा।बुधवार को जगदलपुर नगर पालिक निगम में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई, इस बैठक में पार्किंग और दुकान आबंटन के मुद्दे पर टिप्पणी को लेकर नेता प्रतिपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच जमकर बवाल हुआ।

नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने महापौर संजय पांडे पर जानकारी न देने का आरोप लगाते हुए चढ़ाई कर दी और इस दौरान बीच-बचाव करने आए पक्ष विपक्ष के नेताओं के बीच जमकर हंगामा हुआ।

कांग्रेस से नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी और महापौर संजय पांडे के बीच पार्किंग के मुद्दे पर भी बेहद तीखी बहस हुई। नेता प्रतिपक्ष ने एक समाज को भूमि आबंटन पर आपत्ति जताते हुए, भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। वहीं आरोप से नाराज महापौर संजय पांडे ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आबंटित जमीन नगर निगम की है ही नहीं।

मीडिया से चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने कहा कि जनहित के मुद्दों पर कांग्रेस ने समर्थन दिया परन्तु, दुकान आबंटन को लेकर कम निविदा पर जब कांग्रेस ने दोबारा निविदा बुलाने की मांग की तो महापौर ने बहुमत की दादागिरी से प्रस्ताव पारित कर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले सामान्य सभा में लगाए गए प्रश्नों का उत्तर नहीं मिला है अभी तक इसलिए कांग्रेस पार्षदों ने इस बार प्रश्न नहीं लगाए। नेता प्रतिपक्ष ने महापौर पर कांग्रेस पार्षदों के साथ विकास कार्यों में पक्षपात के आरोप लगाते हुए कहा कि केवल बीजेपी वार्ड में विकास कार्य दिए जा रहे हैं। राजेश चौधरी ने आसंदी पर भी बीजेपी के दबाव में कार्य करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने एक महिला पार्षद को सवाल पूछने का अवसर नहीं दिया। इधर महापौर संजय पांडे ने कहा कि विभिन्न प्रस्तावों को सर्व सम्मति से पास किया गया जिसमें कुछ मुद्दों पर कांग्रेस पार्षदों ने भी समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार लगातार जगदलपुर नगर निगम को बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वीड हार्वेस्टिंग मशीन के संचालन के लिए तकनीकी टीम की आवश्यकता होती है इसलिए निगम तकनीकी टीम की सहायता से इसका संचालन कर रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने 9 साल के कार्यकाल में केवल भ्रष्टाचार किया, उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने नई वीड हार्वेस्टिंग मशीन के संचालन के लिए सवा दो लाख रुपए प्रतिमाह खर्च करती थी। उन्होंने पक्षपात के आरोप प कहा कि प्रत्येक वार में विकास कार्य पार्षदों की मांग के हिसाब से किया जा रहा है।

# वन विभाग की बड़ी कार्रवाई,बाघ-तेंदुए की खाल के साथ बड़े शिकार गिरोह का भंडाफोड़

### केशापुर सहित कई स्थानों पर छापेमारी, खाल बरामद.

### वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई, जेल भेजे गए आरोपी



**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी के निर्देशन एवं वनमण्डलाधिकारी रंगनाधा रामाकृष्णा वाय के मार्गदर्शन में वन विभाग द्वारा जिले में वन्यजीव अपराध के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए बाघ एवं तेंदुए की खाल के साथ सक्रिय एक संगठित शिकार गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। दिनांक 17.03.2026 को दंतेवाड़ा से बालूद मार्ग पर दो आरोपियों को बाघ की खाल के साथ पकड़ा गया। सघन पूछताछ के दौरान गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी मिली, जिसके आधार पर अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया तथा बाघ एवं तेंदुए की खाल बरामद की गई। दिनांक 16.03.2026 की मध्य रात्रि में मुखबिर की सूचना पर वनमंडल दंतेवाड़ा, वनमंडल बीजापुर, इंद्रावती टाइगर रिजर्व, राज्य स्तरीय उडन्दस्ता दल एवं वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो की संयुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा। पूछताछ में मुख्य आरोपी लक्ष्मण तेलाम (उम्र 51 वर्ष) सहित देवीराम ओयाम (58 वर्ष), रमेश कुडियाम (24 वर्ष), फरसोन पोयामी (27 वर्ष), सेमला रमेश (24 वर्ष), सुखराम पोडियाम (21 वर्ष) एवं अन्य आरोपियों के नाम सामने आए, जिन्हें गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर वन विभाग की विशेष टीम द्वारा ग्राम केशापुर में छापेमारी कर एक और तेंदुए की खाल बरामद की गई। इस कार्रवाई में शामिल अन्य आरोपी मासो ओयाम (50 वर्ष) एवं अर्जुन भोगामी (42 वर्ष) को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया। वनमंडलाधिकारी ने बताया कि जब्त किए गए बाघ एवं तेंदुआ अनुसूची-ढ्ढ के अंतर्गत संरक्षित वन्यजीव हैं।

सभी आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9, 39(1)(घ), 3(क)(ख)(ग), 48 एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत प्रकरण क्रमांक 15452/25 दिनांक 17.03.2026 दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की गई है।

**अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा : डीएफओ**

वनमण्डलाधिकारी श्री रंगनाधा रामाकृष्णा वाय ने स्पष्ट कहा कि वन्यजीवों के अवैध शिकार एवं तस्करी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि वन एवं पर्यावरण से जुड़े किसी भी प्रकार के अपराधों के विरुद्ध वन विभाग पूरी सख्ती और तत्परता के साथ कार्रवाई कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। ऐसे मामलों में दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि वन्यजीव संरक्षण को और अधिक मजबूत किया जा सके तथा भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सके।

# बस्तर की जयंती कश्यप-सशक्त नेतृत्व से बदलती गांव की तस्वीर

### राजधानी दिल्ली में आयोजित समारोह में हुई सम्मानित



**जगदलपुर (विश्व परिवार)।/** बस्तर जिले के विकासखंड जगदलपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत आड़ावाल की सरपंच जयंती कश्यप आज ग्रामीण नेतृत्व और महिला सशक्तिकरण की प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरी हैं। उनके उत्कृष्ट कार्यों, स्वच्छता जागरूकता और सामाजिक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। गत 11 मार्च 2026 को सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के तहत यूनिसेफ द्वारा उन्हें दिल्ली आमंत्रित किया गया, जहां केंद्रीय मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह ने मंत्रालय में उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के 12 सरपंच उपस्थित थे, लेकिन बस्तर की जमीनी स्तर पर सक्रिय और कर्मठ नेतृत्व के लिए जयंती कश्यप को विशेष रूप से सराहा गया। जयंती कश्यप ने अपने गांव में विकास की नई दिशा तय की है। वे पेयजल प्रबंधन, स्वच्छता और साफ-सफाई को प्राथमिकता देते हुए काम कर रही हैं। इसके साथ ही निर्धन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने और जरूरतमंद लोगों को सामाजिक सहायता योजनाओं से जोड़ने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जल संरक्षण के क्षेत्र में भी उनके प्रयास उल्लेखनीय हैं। पानी बचाओ अभियान के तहत वे ग्रामीणों को जल के समुचित उपयोग के लिए प्रेरित कर रही हैं। घरों के वेस्ट पानी का उपयोग किचन गार्डन में करना, वर्षा जल संचयन के लिए तालाब और डबरी निर्माण तथा भूजल स्तर बढ़ाने के लिए वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और सोखता गड्ढा बनाने जैसे कार्यों को वे गांव-गांव तक पहुंचा रही हैं। जयंती कश्यप का मानना है कि जल संरक्षण केवल आज की जरूरत नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव है। उनके नेतृत्व में गांव के लोग न सिर्फ जागरूक हो रहे हैं, बल्कि सक्रिय भागीदारी भी निभा रहे हैं। आज जयंती कश्यप की यह उपलब्धि न केवल उनके गांव, बल्कि पूरे बस्तर के लिए गर्व का विषय है। उनका समर्पण और कार्यशैली यह दर्शाती है कि यदि इच्छाशक्ति मजबूत हो, तो सीमित संसाधनों में भी बड़ा परिवर्तन संभव है। पंचायत पदाधिकारी जयंती कश्यप जैसी सशक्त पंचायत नेत्रियां ग्रामीण भारत के विकास की असली ताकत हैं, जो अपने प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव की नई कहानी लिख रही हैं।

# पोको ने लॉन्च की पोको एक्स8 प्रो सीरीज़, अगली पीढ़ी के प्रदर्शन (नेक्स्ट-जेन परफॉर्मेंस) को पहुँचाया नई ऊंचाई पर

**नईदिल्ली।** भारत के प्रमुख कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड्स में से एक, पोको ने आज अपनी पोकोएक्स 8 Pro सीरीज़ लॉन्च कर दी है। इस सीरीज़ में पोकोएक्स 8 प्रो मैक्स, पोकोएक्स 8 प्रो और एक खास स्पेशल एडिशन पोकोएक्स 8 प्रो – आयरन मैन एडिशन शामिल हैं। एक्स सीरीज़ को एक कदम और आगे ले जाते हुए, इस नई श्रृंखला (लाइनअप) में फ्लैगशिप-लेवल का परफॉर्मेंस, लंबी चलने वाली बैटरी, शानदार मनोरंजन (एंटरटेनमेंट) और प्रीमियम डिज़ाइन का बेहतरीन तालमेल दिया गया है। यह उन यूज़र्स के लिए एक बजोड़ (परफेक्ट) और शानदार अनुभव है, जिनका पूरा ध्?यान प्रदर्शन पर होता है। इस सीरीज़ को अगली पीढ़ी की (नेक्स्ट-जेनरेशन) चिपसेट की ताकत मिली है, जिसे असल ज़िंदगी के इस्तेमाल में तेज़ स्पीड और बेहतरीन एफिशिएंसी (दक्षता) देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। पोकोएक्स 8 प्रो मैक्स भारत का पहला ऐसा स्मार्टफोन है जिसमें डाइमेंसिटी 9500S चिपसेट दिया गया है। भारी इस्तेमाल के दौरान भी प्रदर्शन (परफॉर्मेंस) को लगातार दमदार बनाए रखने के लिए, इस सीरीज़ में उन्नत (एडवांस) कूलिंग सिस्टम दिया गया है।

# छत्तीसगढ़ ओपन स्कूल परीक्षा शुरूः 7 केंद्रों पर सख्त निगरानी, शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की पहल



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की बहुप्रतीक्षित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी प्रमाणपत्र परीक्षाएं जिले में सोमवार से प्रारंभ हो गई हैं। यह परीक्षाएं 16 मार्च से 8 अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी, जिसमें प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे से 11:00 बजे तक परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को लेकर प्रशासन ने इस बार विशेष सख्ती और पारदर्शिता पर जोर दिया है।

जिले में कुल 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां हजारों विद्यार्थी अपने भविष्य की दिशा तय करने के लिए परीक्षा दे रहे हैं। इन केंद्रों में राजिम, फिंगेश्वर, छुरा, मैनपुर, अमलीपदर, लोहरसी और गरियाबंद शामिल हैं।

परीक्षा संचालन को व्यवस्थित और निष्पक्ष बनाने के लिए शिक्षा विभाग ने व्यापक तैयारी की है। प्रत्येक केंद्र पर प्राचार्य एवं व्याख्याताओं को केंद्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जिन्हें परीक्षा की पूरी जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी स्थिति में नकल जैसी अनियमितताओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रश्नपत्रों की गोपनीयता बनाए रखने, समय पर वितरण सुनिश्चित करने और परीक्षा के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए विशेष निगरानी तंत्र लागू किया गया है। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत की गई है।

जिले में परीक्षा की स्थिति का जायजा लेने के लिए शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्षों की व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण प्रक्रिया और विद्यार्थियों की उपस्थिति का गहन अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने केंद्राध्यक्षों को निर्देश दिया कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और अनुशासित तरीके से संपन्न होनी चाहिए। विद्यार्थियों में परीक्षा को लेकर उत्साह और आत्मविश्वास देखा जा रहा है। कई परीक्षार्थियों ने बताया कि उन्हें इस परीक्षा से अपने अधूरे सपनों को पूरा करने का अवसर मिला है। इस बार की परीक्षा न केवल विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार और विश्वास कायम करने की दिशा में भी एक मजबूत कदम मानी जा रही है। प्रशासन की सख्ती और सजगता से उम्मीद है कि परीक्षा पूरी तरह नकलमुक्त और व्यवस्थित रूप से संपन्न होगी।

# गरियाबंद में कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का प्रदर्शन, 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आवाहन पर जिले के कर्मचारी और अधिकारियों ने अपनी लंबित 11 सूत्रीय मांगों के तत्काल निराकरण की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने संयुक्त कलेक्टर नेहा भेड़िया को मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा।

फेडरेशन के जिला संयोजक एम.आर. खान ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा किए गए वादों के अनुरूप कर्मचारियों की प्रमुख मांगों का अब तक निराकरण नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि जुलाई 2016 से लंबित एरियर्स की राशि को कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में जोड़ा जाए। साथ ही 8, 16, 24 और 32 वर्षों में चार स्तरीय समयमान वेतनमान लागू किया जाए।

ज्ञापन में मध्य प्रदेश की तर्ज पर 300 दिनों के अर्जित अवकाश नकदीकरण की मांग भी उठाई गई। इसके अलावा लिपिक, शिक्षक, स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने, पिंगुआ समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक करने और शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना का लाभ देने की मांग प्रमुख रूप से शामिल रही।

फेडरेशन ने सहायक शिक्षकों और सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान देने, अनुकंपा नियुक्ति के लिए स्थायी आदेश जारी करने तथा 10त्न सीलिंग समाप्त कर सभी रिक्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति देने की भी मांग की। पंचायत सचिवों के शासकीयकरण और नगरीय निकाय कर्मचारियों को नियमित वेतन व समय पर पदोन्नति सुनिश्चित करने की बात भी कही गई। इसके अलावा सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने, दैनिक वेतनभोगी, संविदा और अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण, आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली और सेवानिवृत्ति उपरांत संविदा नियुक्ति को बंद करने तथा रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की अनुमति देने की मांग रखी गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान बसंत त्रिवेदी, मनोज खरे, बसंत मिश्रा, सुदामा ठाकुर, अनूप महादिक, रामकुमार ध्रुव, लोकेश सोनवानी, अमृत भोसले, संजय सिंह, दीपयंती तिवारी, प्रीति रामटेक, माधुरी यादव, युवराज कुटारे, चन्द्रहास श्रीवास, उमाशंकर साहू, तोकेश्वर साहू, पुरुषोत्तम साहू, दुश्यंत साहू, विकास सावडे सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होली मिलन समारोह में हुए शामिल, रंगों में घुला समरसता का संदेश

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर में होली मिलन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का पर्व है। यह पर्व आपसी मनमुटाव को भुलाकर रिश्तों को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है और हमें इस अवसर पर अपने भीतर की नकारात्मकताओं को त्यागकर सकारात्मकता को अपनाना चाहिए।






मुख्यमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने आह्वान किया कि युवा वर्ग सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाए, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग को इन योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि होली का त्योहार परिवार और समाज के साथ मिलकर आनंद और अपनत्व के साथ मनाने की परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी संस्कृति और सामाजिक एकता को और मजबूत बनाते हैं।

इस अवसर पर आदिम जाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा, तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री खुशवंत साहेब, स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े, विधायक श्री किरण देव, श्री मोतीलाल साहू, श्री अनुज शर्मा, रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे, धमतरी महापौर श्री रामू रोहरा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री से मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने की सौजन्य मुलाकात

- रायपुर-रीवा हवाई सेवा के लिए की मुख्यमंत्री के प्रयासों की सराहना

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित उनके निवास में मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री शुक्ल का शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस दौरान दोनों के मध्य क्षेत्रीय विकास, आपसी समन्वय एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। साथ ही दोनों राज्यों के बीच सहयोग को और सुदृढ़ करने पर भी सहमति व्यक्त की गई। उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बताया कि अब रीवा-रायपुर से सीधे हवाई मार्ग से जुड़ गया है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के साझा प्रयासों से दोनों राज्यों के लोगों को हवाई सेवा की बड़ी सौगात मिली है। उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने इस दिशा में मुख्यमंत्री श्री साय के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया और आगे भी दोनों राज्यों के साझा हितों को आगे बढ़ाने की बात कही।



उल्लेखनीय है रायपुर और रीवा के मध्य हवाई सेवा प्रारंभ हो गई है। इससे छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के लोगों की यात्रा आसान होगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह, डॉ. हिमांशु द्विवेदी एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन की बोर्ड बैठक संपन्न, कई विषयों पर हुई चर्चा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (RADA) की बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें हाल ही में आयोजित RADA ऑटो एक्सपो की ऐतिहासिक सफलता पर सभी सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की और एक-दूसरे को बधाई दी।



बैठक की शुरुआत अध्यक्ष श्री रविंदर सिंह जी की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर श्री अमर पारवानी, श्री अनिल अग्रवाल, श्री मनीष राज सिंघानिया, श्री विवेक गर्ग, श्री कैलाश खेमानी, श्री विवेक अग्रवाल, श्री सुरिंदर आहूजा एवं श्री अभिनव ऋषि सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में सभी सदस्यों ने ऑटो एक्सपो के सफल आयोजन के अपने अनुभव साझा किए और इस उपलब्धि को टीमवर्क का परिणाम बताया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, परिवहन मंत्री श्री केदार कश्यप एवं आरटीओ विभाग का विशेष आभार व्यक्त किया गया, जिनके सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

बैठक के दौरान ऑटोमोबाइल सेक्टर की वर्तमान स्थिति एवं बाजार की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों ने बताया कि इस बार ऋ ऑटो एक्सपो में 61,000 से अधिक वाहनों की बिक्री दर्ज की गई, जो पिछले एक्सपो की तुलना में 100ऌ की अभूतपूर्व वृद्धि है।

अंत में, सभी सदस्यों ने भविष्य में भी इसी तरह के सफल आयोजनों के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# विधायक पुरंदर मिश्रा ने वार्ड 48 में विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 3 अंतर्गत गुरू घासीदास वार्ड क्रमांक 48 क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न 4 स्थानों वार्ड 48 में जिला खनिज संस्थान न्यास मद अंतर्गत शताब्दी नगर उत्कल भवन शिव मन्दिर के पास 11 लाख 69 हजार रूपये की लागत से आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य , 5 लाख रूपये की लागत से काशीराम नगर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, रायपुर उत्तर विधायक निधि से 3 लाख रूपये में काशीराम नगर शिव मन्दिर के पास सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, राज्य प्रवर्तित योजना निधि से 12 लाख 55 हजार रूपये की लागत से



तेलीबाँधा में श्मशानघाट निर्माण कार्य शीघ्र करने गुरू घासीदास वार्ड क्रमांक 48 के पार्षद श्री महेश ध्रुव सहित नगर निगम जोन 3 जोन कमिश्नर श्रीमती प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता श्री ईश्वर लाल टावरे, उपअभियंता श्री अक्षय भारद्वाज सहित गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, आमजनों, नवयुवकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति के मध्य श्रीफल फोड़कर और कुदाल चलाकर नए विकास कार्यों का भूमिपूजन करते हुए नगरवासियों को शानदार सौगात दी.

# लाखोली के खोमन ने 40 बार रक्तदान कर पेश की मिसाल

**आरंग (विश्व परिवार)।** गायत्री परिवार विवेकानंद बेस्ट युवा मंडल सदस्य ग्राम लाखोली निवासी 35 वर्षीय खोमन साहू ने बुधवार को 40वीं बार रक्तदान कर लोगों के लिए मिसाल प्रस्तुत किए है। उन्होंने अब तक 40 जरूरतमंदों को रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने बताया



उनका ब्लड ग्रुप ,पाजिटीव है ।तथा अनेक जरूरत मंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं ।रक्तदान करने से उन्हें आत्मिक संतोष और खुशी मिलती है ।उनकी दिनचर्या और खान-पान संतुलित और नियमित हैं ।और जन सेवा के कार्यों में भी सदैव आगे रहते हैं। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण जैसे जनसरोकार के कार्यों में भी वह सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनका कहना है रक्तदान से शरीर में नए रक्त का तेजी से निर्माण होता है। जिससे स्वास्थ्य बेहतर रहता है। कई लोग डर या भ्रम के कारण रक्तदान से बचते हैं। उनका संदेश है कि रक्तदान के समय मन प्रसन्न और सकारात्मक होना चाहिए, क्योंकि रक्तदान,जीवनदान है। वह डॉक्टरों की परामर्श अनुसार जीवनभर रक्तदान करने का संकल्प लेकर चल रहे हैं।

# महिलाओं के अधिकार व कानून की दी गई जानकारी

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** आज दिनांक 18.03.2026 को तीन दिवसी फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का अंतिम दिवस रहा जिसमें सर्वप्रथम सभी स्पीकर का पुष्प उच्च से स्वागत किया गया कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्पीकर डॉक्टर राहुल तिवारी ने लीगल एंड पॉलीटिकल राइट्स एंड जेंडर इक्विटी टॉपिक में अपने विचार व्यक्त किया तथा अलग-अलग कार्य क्षेत्र में महिलाओं के अधिकार व कानून की जानकारी साज है किया वह राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता के बारे में बताया द्वितीय सत्र में स्पीकर डॉक्टर अनिल मांझी के द्वारा सोशल राइट्स एंड जेंडर इक्विटी पर अपने विचार प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने रूल ऑफ़ में रूल ऑफ़ मैग्ना कार्टा रूल ऑफ़ लॉ की जानकारी प्रदान किया साथी सेक्स, जेंडर



आइडेंटी, जेंडर एक्सप्रेस, सेक्सुअल ओरियंटेशन क्या होता है उसकी जानकारी प्रदान किया गया। तृतीय सत्र में श्री आत्माराम वर्मा सहायक अध्यापक शासकीय बिजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी के द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध 1942 में महिलाओं की भागीदारी के बारे में बताया तथा एनडीए में महिलाओं की भागीदारी के बारे में अपने विचार व्यक्त किया गया।

तत्पश्चात डॉक्टर एके उपाध्याय प्राचार्य शासकीय दावा कल्याण महाविद्यालय बलौदा बाजार के द्वारा लैंगिक समानता पर अपने विचार व्यक्त किया गया जिसमें उन्होंने बताया कि राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं की कमी देखी जाती है तथा हमें कोशिश करनी चाहिए कि हमें दोनों को बचपन से ही समान अवसर प्रदान करना चाहिए कार्यक्रम की अंत में सभी प्रतिभागियों को रामायण पत्र प्रदान किया गया तथा वक्ताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

# शासकीय आश्रमों में बच्चियां सुरक्षित नहीं: दीपक बैज

**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बीजापुर जिले के एक शासकीय छात्रावास मे एक बार फिर मानवता शर्मसार हुई है। पालकों का भरोसा टुटा है। शासकीय छात्रावास मे तीन मासूम बच्चियों के साथ दुराचार हुआ है। बच्चिया गर्भवती हो गयी है। आश्रम प्रबंधन ने मामले को छुपाने के लिए इन पीड़ित बालिकाओं को आश्रम से निकाल कर घर भेज दिया। जबकि ऐसी घटना की जानकारी मिलने के बाद पॉक्सो एक्ट की धारा 19 के तहत आश्रम प्रबंधन को सबसे पहले पुलिस को सूचना देना था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्य मे जब से भाजपा की सरकार बनी है, सरकारी आश्रम मे बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं। इसके पहले भी



बीजापुर के पोटा केबिन मे भी ऐसी ही घटना की जानकारी सामने आई थी 12 वी की छात्रा अनाचार के कारण गर्भवती हो गयी थी। सुकमा में भी ऐसी ही घटना हुई ।कोरबा में भी ऐसी ही घटना हुई। रमन राज के समय हुई कांकेर के झलियामारी के जैसे ही बीजापुर की यह घटना है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश का मुखिया आदिवासी है। उसके बावजूद वह आदिवासी बच्चियों को सुरक्षा नहीं दे पा रहा। इस घटना की जांच के लिए कांग्रेस जांच दल भेज रही है। इस मामले मे जो भी दोषी हो उनपर कड़ी कार्यवाही की जाय।

# सर्व समाज की समृद्धि हम सब का संकल्प - किरण देव

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने विंध्य समाज के आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की समृद्धि का संकल्प हम सब का संकल्प है। भारतीय जनता पार्टी सदैव सर्व समाज की प्रगति की चिंता करती है। यह एक अच्छा अवसर है जब विंध्य समाज के लोगों के बीच हम बैठकर इस विषय पर चर्चा करें और यह विषय हमारे लिए उत्सव का विषय है कि आज रीवा से रायपुर के लिए हवाई सेवा शुरू हुई है और यह सेवा हम सबको मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ जोड़े रखेगी । मेरे लिए यह पल भावनात्मक भी है। मेरी पढ़ाई रीवा में हुई है। मेरा बाल्यकाल रीवा में ही बीता है उस समय को जब मैं याद करता हूं तो मैं भी सबके बीच खुद को पाता हूं।



**हवाई सेवा शुरू होने से इसका लाभ मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के लोगों को मिलेगी- राजेन्द्र शुक्ल**

मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री (लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री) राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है कि रीवा से बहुप्रतिक्षित मांग थी कि वहां हवाई सेवा शुरू हो और हवाई सेवा शुरू होने से इसका लाभ मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के लोगों को मिलेगी। आज मैं खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि हम सब के लिए सौभाग्य की बात जो लंबे समय से प्रतिक्षित हवाई सेवा प्रारंभ हो रही है जिसका फायदा मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के नागरिकों को मिलेगा। विधायक मोतीलाल साहू, भाजयुमो के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री गौरव तिवारी सहित समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# धर्मांतरण विधेयक पर जल्दबाजी अस्वीकार्य, अमित जोगी ने राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग

**रायपुर (विश्व परिवार)।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के अध्यक्ष अमित जोगी ने प्रस्तावित धर्मांतरण विरोधी विधेयक को विधानसभा के वर्तमान सत्र में जल्दबाज़ी में प्रस्तुत किए जाने पर गंभीर आपत्ति जताई है। उन्होंने माननीय राज्यपाल को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि इतने महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील विषय पर बिना पर्याप्त विचार-विमर्श और व्यापक परामर्श के विधेयक प्रस्तुत करना लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। अमित जोगी ने कहा कि यह विधेयक धार्मिक स्वतंत्रता, व्यक्तिगत अधिकारों, आदिवासी पहचान एवं सामाजिक सौहार्द जैसे मूलभूत मुद्दों से जुड़ा हुआ है, इसलिए इस पर विस्तृत चर्चा आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह कानून केवल किसी एक समुदाय से जुड़ा विषय नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक के मौलिक अधिकारों पर सीधा प्रहार है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि धर्मांतरण से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्न वर्तमान में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन हैं, अत: ऐसे समय में इस विषय पर कोई भी विधायी कदम अत्यंत सावधानी और संवैधानिक मर्यादा के साथ उठाया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि इस विधेयक को वर्तमान सत्र में प्रस्तुत करने के बजाय— सभी हितधारकों से व्यापक परामर्श किया जाए, विधानसभा को पर्याप्त समय दिया जाए, न्यायालय में लंबित मामलों को ध्यान में रखा जाए। अमित जोगी ने कहा कि जल्दबाज़ी में कानून बनाना न तो लोकतंत्र के हित में है और न ही सामाजिक सौहार्द के।

# विधायक भावना बोहरा ने विद्यालयों की स्थिति, सुविधा और शिक्षकों की कमी का उठाया मुद्दा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा कबीरधाम जिला, पंडरिया विधानसभा एवं प्रदेश से जुड़े प्रमुख एवं जनहित से जुड़े विषयों को लगातार विधानसभा पटल पर रख रही हैं। आज विधानसभा में उन्होंने स्कूल शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को सदन के समक्ष रखा। उन्होंने शासकीय विद्यालयों की वर्तमान स्थिति, बालिकाओं के लिए शौचालय, शिक्षकों की कमी और छात्र-छात्राओं के मूलभूत सुविधाओं सहित परंपरागत एवं कुटीर उद्योगों के लिए सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं के सन्दर्भ में प्रश्न किया।

विधायक भावना बोहरा ने प्रश्न किया कि क्या पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की शौचालय विहीन शालाओं को चिन्हांकित कर सूचीबद्ध किया गया है? उक्त शौचालय विहीन शासकीय शालाओं में छात्राओं एवं महिला स्टाफ हेतु शौचालय निर्माण कार्य एवं मूलभूत सुविधा की उपलब्धता कब तक सुनिश्चित की जावेगी? जिसके लिखित उत्तर में स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव जी बताया कि पंडरिया



विधानसभा क्षेत्र की शौचालय विहीन शालाओं को चिन्हांकित किया गया है जिसके तहत कवर्धा विकासखंड में 9, सहसपुर लोहरा विकासखंड में 27 और पंडरिया विकासखंड में 129 शासकीय विद्यालयों को चिन्हांकित किया गया है। शौचालय निर्माण कार्य एवं मूलभूत सुविधा की उपलब्धता बजट उपलब्धता के आधार पर स्वीकृति की जाती है।

उन्होंने पंडरिया विधानसभा अंतर्गत संचालित शासकीय शालाओं के भवनों की स्थिति के विषय में पूछा कि क्या विभाग द्वारा पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित शासकीय शालाओं के भवनों की वर्तमान स्थिति के संबंध में कोई सर्वेक्षण/निरीक्षण कराया गया है? यदि हाँ, तो उक्त सर्वेक्षण/रिपोर्ट में कितनी ऐसी शासकीय शालाओं का उल्लेख है जो भवनविहीन, जर्जर, अतिजर्जर एवं अन्य भवनों में संचालित हो रही हैं ? उक्त भवनविहीन एवं जर्जर शालाओं हेतु नवीन भवन निर्माण अथवा मरम्मत के लिए विभाग द्वारा क्या कोई समयबद्ध कार्ययोजना प्रस्तावित की गई है उक्त हेतु वर्ष 2024 से 15 जनवरी, 2026 तक कितनी राशि स्वीकृत की गई है? स्वीकृत कार्यों में से कितने पूर्ण हो चुके हैं एवं शेष को कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा? स्कूल शिक्षा मंत्री जी ने लिखित उत्तर में बताया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित शासकीय शालाओं के भवनों की वर्तमान स्थिति के संबंध में कोई सर्वेक्षण या निरिक्षण नहीं कराया गया है इसलिए अन्य प्रश्न उद्भुद नहीं होते। भावना बोहरा ने परंपरागत एवं कुटीर उद्योगों हेतु संचालित योजनाओं के विषय में प्रश्न किया।

# महतारी वंदन में 1000 रू. देकर गैस के नाम पर 3000 वसूल रहे हैः वंदना

**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश के सभी जिलों में गैस की किल्लत से आम आदमी परेशान है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि घरेलू गैस नहीं मिलने के कारण गृहणियां परेशान है। महतारी वंदन में 1000 रू. देने वाली भाजपा के राज में महिलाएं 900 का घरेलू गैस 3000 में खरीदने को मजबूर है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार घरेलू गैस की समस्या दूर करने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं कर रही, लोग गैस एजेंसी के सामने लाइन लगाने को मजबूर हो गये है। महिलाएं ईटें का चूल्हा बना कर लकड़ी से खाना बनाने को मजबूर हो गयी है। मोदी सरकार ने महिलाओं को ठगा है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि आम आदमी परेशान हो रहा है। गैस एजेंसियों के सामने



लंबी-लंबी कतारें लगी हुई है। गैस कंपनियों के बुकिंग नंबर लगभग बंद सर्वर का बहाना बनाकर बुकिंग लेना बंद कर दिया गया है और सरकार जमीनी हकीकत को मानने को तैयार नहीं है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि लोगों के घर में गैस नहीं होने के कारण चूल्हे नहीं जल रहे और भाजपा कहती है अफवाहों पर ध्यान मत दे। सरकार ने अचानक से कमर्शियल गैस की सप्लाई क्यों बंद कर दिया? अचानक से कमर्शियल गैस की सप्लाई अघोषित तौर पर रोक देने से घरेलू गैस सिलेंडरों का दुरुपयोग हो रहा।

## नगर निगम सामान्य सभा में वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया जाएगा

**रायपुर।** रायपुर नगर पालिक निगम की मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक महापौर श्रीमती मीनल चौबे की अध्यक्षता में नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष एमआईसी बैठक कक्ष में हुई जिसमें नियमानुसार प्रकिया के तहत एजेण्डावार चर्चा कर आवश्यक निर्देश एमआईसी ने दिये। बैठक में आयुक्त श्री विश्वदीप एमआईसी सदस्य सर्वश्री महेन्द्र खोडियार, मनोज वर्मा, अधीक्षण अभियंतागणों, जोन कमिश्नरों, उपायुक्तगणो, कार्यपालन अभियंताओं सभी विभागो के प्रभारी अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# नियद नेल्लानार से प्रभावित होकर ग्रामीणों ने किया भाजपा प्रवेश

- मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा नियद नेल्लानार योजना आप सबको समर्पित
- आप सब अंत्योदय के कार्यकर्ता बन चुके हैं: किरण देव



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के गरियामय उपस्थिति में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व वरिष्ठ विधायक विक्रम उसेंडी के नेतृत्व में कांकेर जिले के सुदूर गांव आलपरस, गुंदूर के ग्रामीणों ने भाजपा प्रवेश कर विकसित गांव-विकसित प्रदेश के संकल्प को और मजबूत करने का प्रण लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से ग्रामीणों ने चर्चा करते हुए कहा कि नियद नेल्लानार योजना हम सबके जीवन को बदलने वाला एक महत्वकांक्षी अभियान है। जिससे प्रभावित होकर हम सबने भाजपा प्रवेश का संकल्प लिया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आप सबके लिए हम जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन लगातार कर रहे हैं। यही कारण है कि जनता के बीच सरकार के प्रति विश्वास और बढ़ रहा है। आप सबका भाजपा परिवार में स्वागत है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि भाजपा की वैचारिक शक्ति का नतीजा है कि हम विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को लगातार पूर्ण करने में लगे हैं और आप सबके साथ होने से इस संकल्प को जल्द ही पूर्ण करेंगे। आप सब बस्तर के अंतिम छोर के गांव से है अब आप सब भाजपा के अंत्योदय के विचारधारा वालों कार्यकर्ता हो चुके हैं। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक विक्रम उसेंडी ने सभी का आभार व्यक्त किया व भाजपा प्रवेश करने वाले सभी सम्मानित जनों को बधाई देते हुए कहा कि हम और मजबूत होंगे अभी से मिशन 2028 के लिए एकजुटता के साथ जुटेंगे। इस मौके पर गांव के प्रमुख पुजारी सहित सरपंच, उप सरपंच सहित आमजनों ने बड़ी संख्या में भाजपा प्रवेश किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, नान अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक हेमंत पाणिग्रही, भाजपा नेता सुनील जैन, रामलाल आचला, जयलाल उसेंडी, रजनाथ पोटाई (सरपंच), लच्छू गावड़े, जागेश्वर पुजारी सहित ग्रामीण मौजूद थे।

मुख्यमंत्री साय ने किया समस्याओं का त्वरित समाधान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष आए ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र की समस्याएं रखी जिस पर मुख्यमंत्री श्री साय ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उनके तत्काल समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान आए ग्रामीणों ने बताया कि वे सभी अबूझमाड़ की सीमावर्ती गांव के निवासी है और अबूझमाड़ में एजुकेशन सिटी के प्रारंभ होने से हम सबको लाभ होगा और हमारे आने वाली पीढ़ी का भविष्य भी उज्ज्वल होगा। इसके लिए ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री साय का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# रायपुर में एआई ऑटोमेशन एवं साइबर सिक्योरिटी वर्कशॉप 24 मार्च को




**रायपुर (विश्व परिवार)।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति 2026-27 के तत्वावधान में आदिश्वर महिला मंडल, डी.डी. नगर द्वारा "AI Automation & Cyber Security Workshop" का आयोजन 24 मार्च को किया जाएगा। यह वर्कशॉप दोपहर 3:00 बजे से 5:00 बजे तक जिनकुशल सूरी दादाबाड़ी, एम.जी. रोड, रायपुर में आयोजित होगी।

कार्यक्रम में साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट राजीव जैन एवं AI एक्सपर्ट (10 लाख फॉलोअर्स) लक्षित सेठिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। दोनों विशेषज्ञ आधुनिक तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑनलाइन सुरक्षा एवं डिजिटल युग में सुरक्षित रहने के महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन देंगे।

आदिश्वर महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती जया जैन ने बताया कि इस वर्कशॉप का उद्देश्य आमजन, विशेषकर युवाओं और महिलाओं को डिजिटल जागरूकता प्रदान करना है। सचिव श्रीमती ममता जैन एवं कोषाध्यक्ष श्रीमती अनीता संघी ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

महोत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रेश शाह, महासचिव गोल्डी लूनिया, कोषाध्यक्ष विकास सेठिया, कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत बैद एवं सचिव आनंद जैन ने इस आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी से सहयोग का आह्वान किया है।

# अंतरक्षेत्रीय ब्रिज प्रतियोगिता: रायपुर सेंट्रल विजेता एवं रायपुर रीजन उपविजेता



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के केन्द्रीय क्रीडा एवं कला परिषद के तत्वाधान में आयोजित अंतरक्षेत्रीय ब्रिज प्रतियोगिता 2025-26 के समापन समारोह में ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री आर.के.शुक्ला ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किये। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ब्रिज प्रतियोगिता मानसिक चेतन्य और एकाग्रता का खेल है। हमारे खिलाड़ी ब्रिज प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर कंपनी का नाम रौशन कर रहे है। हमे उम्मीद है आगे भी पॉवर कंपनी के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करते हुए विजेता बनेंगे।

इस अवसर पर रायपुर सेंट्रल 42 अंक के साथ विजेता का खिताब अपने नाम करने में कामयाब हुये एवं रायपुर रीजन 29 अंकों के साथ उपविजेता रहे। सांत्वना पुरस्कार दुर्ग क्षेत्र को दिया गया। मास्टर पेयर में पूर्व-पश्चिम से 05 टीमों ने खेल का प्रदर्शन किया, जिसमें प्रथम स्थान पर श्री डी.एल.साहू एवं श्री पंकज चैधरी रहे। द्वितीय स्थान पर श्री हरीश चैहान एवं श्री रेखराज साहू रहे। इसी प्रकार उत्तर-दक्षिण से 04 टीमों ने इस स्पर्धा में प्रतिनिधित्व किया, जिसमें प्रथम स्थान पर श्री प्रशांत उराव एवं श्री हितेश महानंद रहे। द्वितीय स्थान पर श्री दिनेश देवांगन और श्री कृष्णा कुमार यादव की जोड़ी उपविजेता रही। केन्द्रीय कार्यालय खेल क्षेत्र रायपुर के मेजबानी में इस 2 दिवसीय प्रतियोगिता में 3 रीजन के कुल 18 खिलाड़ियों ने भाग लिया। रायपुर सेंट्रल से श्री डी.एल. साहू, श्री पंकज चैधरी, श्री अमित देवांगन, श्री कमलेश ठाकुर, श्री शीवेश मिश्रा, श्री जीतेन्द्र चैधरी ने भाग लिये। रायपुर रीजन से श्री रेखराज साहू, श्री प्रशांत उराव, श्री दिनेश देवांगन, श्री हितेश महानंद, श्री कृष्णा कुमार यादव, श्री एच.के.चैहान ने भाग लिये। दुर्ग रीजन से श्री डी.के.डूमरे, श्री लालजी चैधरी, श्री डी. श्रीवास्तव, श्री बी.एस.राजपूत, श्री राजेश देशमुख, श्री जयंत देशमुख ने अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

# छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक संपन्न

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ अधिकारी- कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन रायपुर जिला की बैठक की अध्यक्षता एशोसिएशन के जिलाध्यक्ष पंकज नायक द्वारा की गई , जिसमें सर्वसम्मति से निम्न प्रस्ताव पारित किए गए। पेंशनरों को 3ब्रडी आर का एरियर्स वर्ष 2017 देने एवं धारा 49 (6) पत्र के निरस्तीकरण एवं पेंशनर्स के लिए कैशलेस सुविधा लागू करने। लंबित 3 प्रश महगाई राहत ( डीआर) तत्काल घोषित कर एरियर सहित भुगतान किया जाए । धारा 49 (6 ) के अंतर्गत मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ शासन के मुख्य सचिव के माध्यम सें महंगाई राहत संबंधी अर्धशासकीय पत्र को तत्काल निरस्त किया जाए । पेंशनरों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू की जाए।

श्रीराजेन्द्र उमाठे उपाध्यक्ष ने कहाँ कि एसोसिएशन का प्रांतीय अधिवेशन दिनांक 12/4/26



रविवार को जांजगीर चापा में किया जायेगा , यदि शासन ने हमारी मांगो के संबंध सकारात्मक निर्णय नही लिया गया तो एसोसिएशन आंदोलनात्मक कदम उठाए गी एवं न्यायालय की शरण लेने के लिए बाध्य होगी ।

प्रांतीय महामंत्री श्री उमेश मुदलियार, प्रांतीय सचिव श्री सी एल दुबे ने अपने उदबोधन में कहां कि पेंशनरों को एकजुट होकर लड़ाई लड़ना होगा शासन सीघ्र 3% डीआर, 2017 से एरियर, धारा 49(6) पत्र निरस्तीकरण एवं कैशलेस सुविधा लागू करें। आज जिला शाखा रायपुर की मासिक बैठक कर्मचारी भवन रायपुर में आयोजित की गई जिसमे फूलों की होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मिलकर मनाया इसमे राजेन्द्र वर्मा के द्वारा गीत की प्रस्तुति कर प्रेम ,एकता मानवता का संदेश दीया साथ ही श्री विश्वनाथ ध्रुव के द्वारा होली का गीत गा कर सबका मन जीत लिया सभी ने मिलकर उनका साथ दिया एवं कार्यक्रम के अंत में सब के स्वस्थ स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की मंगल कामना की गई ।

# राष्ट्रपति ने अक्षय पात्र को 5 अरबवां भोजन परोसा



**नई दिल्ली।** अक्षय पात्र ने 5 अरब भोजन परोसने का मील का पत्थर हासिल किया और नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में मानवता की सेवा के 25 वर्ष पूरे किए। भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं और माननीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान विशिष्ट अतिथि थे। यह कार्यक्रम अक्षय पात्र के संस्थापकों - इस्कॉन बैंगलोर के अध्यक्ष श्री मधु पंडित दास और उपाध्यक्ष श्री चंचलपति दास की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय - विकसित भारत के लिए सुपोषित और सुशिक्षित भारत - एक विकसित भारत के लिए बाल पोषण और शिक्षा की दिशा में किए जा रहे सामूहिक प्रयासों पर प्रकाश डालता है। इस कार्यक्रम में अक्षय पात्र के न्यासी मंडल, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, गणमान्य नेता, सार्वजनिक नीति विचारकों, परोपकारियों, भागीदारों, समर्थकों और प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 21 मार्च को

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आदिश्वर महिला मंडल द्वारा शहरवासियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आपका स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।




शिविर का आयोजन 21 मार्च 2026, शनिवार को सामुदायिक भवन, डीडी नगर में किया जाएगा। इस दौरान उपस्थित नागरिकों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।

आयोजन की अध्यक्ष श्रीमती जया जैन ने अधिक से अधिक लोगों से शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की वहीं सचिव श्रीमती ममता जैन एवं कोषाध्यक्ष श्रीमती अमिता संघी ने बताया कि यह शिविर समाज सेवा के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सभी के लिए नि:शुल्क सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

आदिश्वर महिला मंडल ने शहरवासियों से इस पहल का लाभ उठाने का आग्रह किया।

# अनाधिकृत वेंडरों की रोकथाम हेतु रायपुर स्टेशन पर चलाया गया औचक खानपान जांच अभियान

- विशेष गहन अभियान में अनाधिकृत वेंडर एवं बिना लगेज बुक का सामान पकड़ा गया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधिकृत वेंडरों के माध्यम से गाडियों तथा स्टेशनों में गुणवत्तायुक्त खानपान की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है । स्टेशनों एवं गाडियों में यात्रियों को उपलब्ध कराई गई खानपान की गुणवत्ता को बरकरार रखने तथा उसमें लगातार सुधार हेतु वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी के मार्गदर्शन में मंडल वाणिज्य विभाग द्वारा गाडियों तथा प्रमुख स्टेशनों में अनाधिकृत वेंडरों की रोकथाम हेतु नियमित रूप से खानपान जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी संदर्भ में वाणिज्य विभाग द्वारा 17.03.2026 को दोपहर 2:00 बजे से 18.03.2026 को सुबह 8:00 बजे तक रायपुर स्टेशन पर अनाधिकृत वेंडरों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एक विशेष गहन अभियान चलाया गया। रायपुर स्टेशन से गुजरने वाली सभी ट्रेनों की जाँच की गई विशेष रूप से रात की ट्रेनों की जाँच की गई। इस अभियान के परिणाम इस प्रकार हैं:- 5 अनधिकृत विक्रेताओं को आरपीएफ को सौंप दिया गया और उन पर धारा 144 और 147 के तहत मामला दर्ज किया गया। रायपुर स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों की भी रायपुर में जाँच की गई। अनधिकृत ब्रांड के 456पैकेज ड्रिंकिंग वाटर पानी की बोतल (पीडीडब्ल्यू) यूनिट आगे की कार्रवाई के लिए चीफ पार्सल सुपरवाइजर रायपुर के अधीन जमा किया गए। (3) 02 क्विंटल बिना बुक किए हुए सामान का पता चला और उन पर 2500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में रेल कनेक्टिविटी बढ़ाने पर दिया जोर




**नई दिल्ली।** रेलवे मंत्रालय के लिए वर्ष 2026-27 की अनुदान मांगों पर चर्चा और मतदान में भाग लेते हुए, रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने ?2.78 लाख करोड़ के रिकॉर्ड आवंटन की सराहना की। साथ ही, उन्होंने छत्तीसगढ़ के रेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए मांगों की एक विस्तृत सूची पेश की।

नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, कवच प्रणाली के विस्तार और अमृत भारत स्टेशन योजना जैसी आधुनिकीकरण पहलों की सराहना करते हुए, सांसद ने कई प्रमुख ट्रेनों को प्रतिदिन चलाने की पुरजोर वकालत की। उन्होंने मांग की कि नई दिल्ली-बिलासपुर और बिलासपुर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, जो वर्तमान में सप्ताह में दो बार चलती है, उसे प्रतिदिन किया जाए क्योंकि राज्य को राष्ट्रीय राजधानी से जोड़ने के लिए उड़ान विकल्प सीमित हैं। उन्होंने यात्री और त्योहारों की भीड़ को देखते हुए छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस और दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस को भी दैनिक रूप से संचालित करने का अनुरोध किया। स्थानीय यात्रियों की समस्याओं को संबोधित करते हुए, सांसद ने रायपुर-रायगढ़ लोकल ट्रेन को पुनर्जीवित करने और दुर्ग से रायगढ़ तक इसके विस्तार का सुझाव दिया। अन्य महत्वपूर्ण विस्तार मांगों में रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस, गोंदिया-जबलपुर ट्रेनों और कई मुंबई-नागपुर ट्रेनों को बिलासपुर तक बढ़ाना शामिल था। राज्य के भीतर संपर्क बढ़ाने के लिए, अग्रवाल ने उत्तर-दक्षिण पारगमन को मजबूत करने और यात्रा के समय को कम करने के लिए दुर्ग और अंबिकापुर के बीच तत्काल वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने रायपुर और हिसार के बीच एक नई सीधी ट्रेन का भी प्रस्ताव दिया; उन्होंने उल्लेख किया कि यह मार्ग यात्रियों को खाटूश्याम और पुष्कर मंदिरों जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों से जोड़ेगा। बुनियादी ढांचे के मोर्चे पर, सांसद ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हथबंद, मरोदा और मंदिर हसौद सहित स्टेशनों पर काम की धीमी गति की ओर इशारा किया और इसे तेजी से पूरा करने की मांग की। उनके अन्य उल्लेखनीय सुझावों में शामिल हैं। सरोना, डब्ल्यू.आर.एस. (ङ्ख.क्रस्.) और मंदिर हसौद को माध्यमिक स्टेशनों के रूप में विकसित करना। मंडी गेट और कचना स्टेशनों के पास रोड अंडर ब्रिज (क्रक्ल) का आकार बढ़ाकर ऊंचाई 5.5 मीटर और चौड़ाई 4.7 मीटर करना।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने अहिवारा क्षेत्र में 219वीं शाखा का किया शुभारंभ




**रायपुर (विश्व परिवार)।** देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने छत्तीसगढ़ राज्य के अहिवारा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ राज्य की 219वीं शाखा का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया। यह नई शाखा क्षेत्र में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो स्थानीय ग्राहकों को आधुनिक, सुलभ एवं विश्वसनीय बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु समर्पित है।

इस शाखा का उद्घाटन रायपुर अंचल के अंचल प्रमुख श्री दिवाकर प्रसाद सिंह के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने बैंक की ग्राहक-केन्द्रित सेवाओं एवं डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय प्रमुख, दुर्ग क्षेत्र, श्री अनंत माधव ने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा वर्षों से अपने ग्राहकों के साथ विश्वास और पारदर्शिता का मजबूत संबंध बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि बैंक न केवल वित्तीय सेवाएं प्रदान करता है, बल्कि अपने ग्राहकों के लिए एक सच्चे मित्र एवं सहयोगी के रूप में भी कार्य करता है।

अंचल प्रमुख श्री दिवाकर प्रसाद सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बैंक कृषि समुदाय के उत्थान के लिए कृषि ऋण, बच्चों की शिक्षा हेतु शिक्षा ऋण तथा छोटे व्यापारियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए केंद्र प्रायोजित योजनाओं जैसे पीएम स्वनिधि योजना, मुद्रा ऋण योजना एवं पीएम विश्वकर्मा योजना के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित लखपति दीदी योजना के अंतर्गत बैंक अपनी शाखाओं के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है, जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायता मिल रही है और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो रहा है। उन्होंने बैंक की विभिन्न योजनाओं के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर अहिवारा क्षेत्र के विधायक श्री डोमनलाल कोरसेवाड़ा, नंदनी माइंस के महाप्रबंधक श्री सुधाकर जामुलकर, नगर पालिका अध्यक्ष श्री विद्यानंद कुशवाहा, जनपद अध्यक्ष धमधा श्री हेमंत साहू, बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। नई शाखा के उद्घाटन से क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को गति मिलने के साथ-साथ बैंकिंग सेवाओं की पहुंच और अधिक सुदृढ़ होगी। बैंक ऑफ बड़ौदा की यह पहल क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।




प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक,